उज्जैन
बुधवार
10
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-38
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



गौरव से ट्रॉफी हारने के बाद फूटा फरहाना का गुस्सा बोलीं- उसके अंदर विनर वाली कोई क्वालिटी नहीं थी, मेरे नसीब में जितना था, उतना मिला

पेज- 8

## सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम बंद

### किसान डेम के बदले अधिग्रहित जमीन के मुआवजे को लेकर विरोध कर रहे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सिंहस्थ कुंभ और सालभर शिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने के लिए बनाई जा रही सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम पिछले 10 दिन से अधिक समय से बंद है।

किसानों के आक्रोश और प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने मिलकर यहां काम कर रहे 200 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और मजदूरों को लौटने पर मजबूर कर दिया। किसान डेम के बदले अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर विरोध कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि प्रशासन जमीन का मुआवजा सिर्फ 3 से 6 लाख रुपए प्रति बीघा तय कर रहा है, जबकि जमीन का बाजार मूल्य 50 लाख से 1 करोड़ रुपए प्रति बीघा है।

शिप्रा नदी को प्रवाहमान रखने के लिए शहर से 17 किमी दूर कल्याणपुरा गांव में सीएम मोहन यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी परियोजना का काम मार्च में शुरू हुआ था। डेम निर्माण का लगभग 25 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना में सिलारखेड़ी से सेवरखेड़ी तक पाइपलाइन बिछाई जानी है, जिसके लिए 13 गांवों के करीब 300 किसानों की लगभग 400 बीघा जमीन का अधिग्रहण होना है। कल्याणपुरा में डेम का निर्माण शुरू भी हो चुका था, लेकिन मुआवजा राशि कम होने से नाराज किसानों ने 21 नवंबर से काम बंद करवा दिया। किसानों की मांग है कि मुआवजा बढ़ाकर 25 लाख रुपए प्रति बीघा किया जाए। किसान नेता दिलीप सिंह सिसोदिया ने बताया कि अगस्त में वे उज्जैन कलेक्टर, कमिश्नर, विधायक, एडीएम और एसडीएम सभी से बात कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

#### किसान 25 लाख रुपए की मांग पर अड़े

29 नवंबर को किसान मुख्यमंत्री से मिले, जिसके बाद सीएम ने प्रशासन को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए थे। फिर भी प्रशासन 17.50 लाख रुपए प्रति बीघा तक ही देने को तैयार है, जबकि किसान 25 लाख रुपए की मांग पर अड़े हैं। डेम के निर्माण का कार्य किसानों के विरोध के चलते पूरी तरह ठप पड़ा है। समाधान न निकलने पर परियोजना की समय सीमा पर भी संकट खड़ा हो गया है।

## जीतू पटवारी ने मंत्री प्रतिमा बागरी का इस्तीफा मांगा

### पीसीसी चीफ ने कहा- एमपी ने पंजाब को भी नशे में पीछे छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने एमपी सरकार पर हमला बोलते हुए मंत्री प्रतिमा बागरी का इस्तीफा मांगा है। पटवारी ने कहा कि जनता बीजेपी पर बार- बार भरोसा कर उन्हें चुन रही है। यह नशा माफिया की सरकार है। पहले वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के ड्रग्स कारोबारियों के साथ फोटो आए। विश्वास सारंग का मिर्ची केस में पारिवारिक रिश्ता निकला। अब मंत्री प्रतिमा बागरी का भाई नशा तस्करी में शामिल मिला है।

पटवारी ने आगे कहा कि एमपी में शराब के धंधे से सरकार 17 हजार करोड़ का राजस्व कमा रही है। नशे में हमने पंजाब को पीछे छोड़ दिया है। नशा कारोबारियों और माफियाओं ने वल्लभ भवन की पांचवी मंजिल को, मंत्रियों के ऑफिस को घेर लिया है। प्रतिमा बागरी का इस्तीफा होना चाहिए। मेरा मोहन सरकार से आग्रह है कि आप गृहमंत्री का जिम्मा दूसरों को नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खजुराहो में चार लोगों की फूड पॉइजनिंग से मौत हो गई। कोई मंत्री उन्हें देखने नहीं गया, जबकि पूरी सरकार वहीं थी। क्या संदेश देना चाहते हैं कि हम कर्ज लेते रहेंगे, लोग मरते रहें, राजनीतिक अय्याशी करते रहेंगे। कोई एक तो होकर चला जाता, उनकी सुध ले लेता, यह कैसी सरकार है। मध्यप्रदेश वासियों चेक करो, मूल्यांकन करो, जिन्हें वोट दिया, वह सरकार कैसी है।

#### पटवारी ने जनता से कहा

पटवारी ने जनता से कहा कि आपने इन लोगों को बार- बार सत्ता में बैठाया है, लेकिन क्या यह वही सरकार है, जिसे आप चाहते थे, राज्य में मंत्री अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं और आम जनता के मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने खजुराहो की घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि चार लोग फूड पॉइजनिंग से मर गए, लेकिन किसी मंत्री ने उनके परिवार से मुलाकात तक नहीं की। क्या यही है आपकी सरकार?

## मैं बंगाल का ओवैसी, 2026 में किंगमेकर बनूंगा, मेरे बिना सरकार नहीं बनेगी




कोलकाता। बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने मंगलवार को कहा कि वे बंगाल के ओवैसी हैं। हुमायूं ने एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के साथ अपने करीबी संबंधों का बखान करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा- मैंने उनसे बात की है। उन्होंने मुझसे कहा है कि वे हैदराबाद के ओवैसी हैं और मैं बंगाल का ओवैसी हूं। हुमायूं ने मीडिया से बात करते हुए कहा- 2026 के विधानसभा चुनाव में किंगमेकर बनूंगा। मेरे समर्थन के बिना कोई भी पार्टी सरकार नहीं बना सकती। हुमायूं ने दावा किया कि 2026 में न तो ळटउ और न ही भाजपा अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा छू पाएगी।

## दिल्ली-एनसीआर की सुरक्षा के लिए तैनात होगा स्वदेशी डिफेंस सिस्टम

नई दिल्ली। भारत अब राजधानी दिल्ली-एनसीआर को मिसाइलों, ड्रोन और फाइटर जेट हमले जैसे खतरों से बचाने के लिए अपना खुद का मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम लगाने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के अनुसार नया इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम पूरी तरह देश में बने हथियारों से तैयार होगा। इस सिस्टम का सबसे बड़ा हिस्सा डीआरडीओ की बनाई क्यूआरसेम मिसाइल और वीएसएचओआरएडीएस होगा। इनके साथ कई तरह के सेंसर, रडार और एक आधुनिक कंट्रोल सिस्टम जोड़ा जाएगा, जिससे हर खतरे पर तुरंत नजर रखी जा सके। ये पूरा सिस्टम भारतीय वायुसेना ऑपरेट करेगी।

## पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने महिला पत्रकार को आंख मारी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एक महिला पत्रकार को आंख मारी है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पत्रकार अब्सा कोमान ने चौधरी से पूछा था कि इमरान खान पर लगाए जा रहे आरोप जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा, एंटी-स्टेट और दिल्ली के इशारों पर काम करना पहले के आरोपों से कैसे अलग हैं और क्या आगे कोई नई कार्रवाई की उम्मीद है। इस पर चौधरी ने तंज करते हुए कहा- एक चौथा पॉइंट जोड़ लें, वह (इमरान खान) एक जेहनी मरीज भी हैं।

## पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चारों प्रांतों को 12 हिस्सों में बांटने की तैयारी चल रही है। देश के संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान ने कहा है कि देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है। उनका कहना है कि इससे शासन बेहतर होगा। अब्दुल अलीम खान रविवार को शेखूपुरा में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंध और पंजाब में तीन-तीन नए प्रांत बनाए जा सकते हैं। ऐसा ही विभाजन बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी हो सकता है। अलीम खान ने कहा कि हमारे आसपास के देशों में कई छोटे प्रांत हैं। इसलिए पाकिस्तान में भी ऐसा होना चाहिए।

### इंडिगो संकट, सरकार ने कहा

## जरूरत पड़ी तो सीईओ को बर्खास्त करेंगे

### लापरवाही जानबूझकर करने के संकेत, डीजीसीए की भी जांच होगी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



इंडिगो संकट को लेकर अब डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एक इंटरव्यू में कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि इंडिगो का यह बड़ा फेलियर सामान्य गलती नहीं लगता, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार यह जांच कर रही है कि आखिर ऐसा संकट उसी समय क्यों आया और ऑपरेशंस होने के बावजूद हालात कैसे बिगड़े।

सीईओ को हटाने के सवाल पर नायडू ने कहा कि जरूरत पड़ी तो जरूर हटाया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह जरूर होगी। नायडू ने ये भी बताया कि मैं पिछले 7 दिनों से लगातार मीटिंग कर रहा हूं और मुश्किल से सो पाया हूं, क्योंकि फोकस सिर्फ यात्रियों की परेशानी दूर करने पर है।

## अमेरिका में सबसे ज्यादा शराबियों का वीजा कैंसल

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका ने इमिग्रेशन नियम कड़े करने के बाद जनवरी से अब तक 85 हजार वीजा रद्द किए हैं। वर स्टेट डिपार्टमेंट ने  पर बताया कि यह कार्रवाई इमिग्रेशन और बॉर्डर सिक्योरिटी पर ट्रम्प प्रशासन के बढ़ते फोकस का हिस्सा है। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि रद्द किए गए वीजा में से 8 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स के थे। इसकी प्रमुख वजह नशे में गाड़ी चलाना, चोरी और हमला जैसे अपराध थे, जो पिछले साल के लगभग आधे कैंसिलेशन का हिस्सा थे। कुछ वीजा वीजा-एक्सपायरी, आतंकवाद के समर्थन से जुड़ी जांच और अन्य गंभीर कारणों से भी रद्द किए गए। अक्टूबर में प्रशासन ने उन लोगों के वीजा भी रद्द कर दिए थे जिन पर कंजर्वेटिव एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की हत्या का जश्न मनाने का आरोप था।

## गोवा क्लब अग्निकांड- बिजनेस पार्टनर हिरासत में

### दिल्ली से पकड़ा गया अजय गुप्ता, थाईलैंड भागे लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› पणजी

गोवा के अरपोरा स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में 6 दिसंबर की रात भीषण आग लगी थी। इसी मामले में गोवा पुलिस ने मंगलवार को क्लब मालिक लूथरा ब्रदर्स के पार्टनर अजय गुप्ता को दिल्ली से हिरासत में लिया है।

गोवा पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान गुप्ता और उनके पार्टनर सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ पहले लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। पुलिस टीम जब उसके दिल्ली स्थित घर पर पहुंची तो वह वहां नहीं मिला।



बाद में गुप्ता को दिल्ली में ट्रेस कर हिरासत में लिया गया और जल्द ही गोवा लाया जाएगा। वहीं क्लब मालिक सौरभ और गौरव लूथरा अब भी फरार हैं। आग लगने के कुछ घंटे बाद वे थाईलैंड भाग गए थे और उनके खिलाफ इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी हुआ है। अजय गुप्ता को गिरफ्तार किया गया तो यह इस केस में छठी गिरफ्तारी होगी। इससे पहले पुलिस क्लब के मैनेजर राजीव मोदक, विवेक सिंह, राजीव सिंघानिया, रियांशु ठाकुर और कर्मचारी भरत कोहली को गिरफ्तार कर चुकी है।



# सड़क को ही बना डाला वाहन पार्किंग

## सांदीपनि आश्रम के सामने रोड पर मैजिक, ऑटो-रिक्शा बेतरतीब ढंग से खड़े रहते और आवागमन दुरूह बना हुआ





### राहगीर होते रहते परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहरवासियों के लिए ये सुखद है कि बाबा महाकालेश्वर की नगरी ने पर्यटन के नक्शे पर अपनी पहचान कायम की इससे शहर की अर्थव्यवस्था दुरूस्त हुई तथा रोजगार के अवसर भी पैदा हुए। किन्तु सभी कुछ अच्छा नहीं है शहरवासियों को आए दिन ट्राफिक जाम से दो चार होना पड़ता है। रोगियों को अस्पताल पहुंचने में विलंब, स्कूली बच्चों व कॉलेज छात्रों को स्कूल, कालेज समय पर पहुंच पाना कठिन व प्रदूषण की गंभीर समस्या।

**अंकपात रोड पर रेलमपेल-** नैसर्गिक आभा से परिपूर्ण अंकपात क्षेत्र अपने एकांत और सुकून के लिए मशहूर था किन्तु पर्यटकों की नियमित भीड के कारण क्षेत्र ने अपने वास्तविक सुन्दर रूप को खो दिया। आज स्थिति ऐसी हो गई है कि सांदीपनि आश्रम के सामने रोड पर मैजिक, ऑटोरिक्शा बेतरतीब ढंग से खडे रहते हैं और आवागमन दुरूह बना हुआ है।

**प्रवेश द्वार के सामने ही वाहन-** आश्चर्य तो ये होता है कि बुधवारिया से मंगलनाथ को जोड़नेवाले इस मार्ग पर सांदीपनि आश्रम के सामने रोड पर ही पब्लिक वाहनों ने अवैध पार्किंग बना रखा है। रोड पर ही आटोरिक्शा व ई रिक्शा कतारबद्ध खड़े रहते हैं। पास ही रोड पर नींबू शिकंजी, गन्ने के रस वाले के ठेले खड़े होकर रोड को एक संकरी गली मे तब्दील कर रहे हैं।

**गेट के आगे ही सवारी उतारते वाहन-** इस संकरे रोड पर पर्यटकों से भरे वाहन अपनी सवारी भी सांदीपनि आश्रम के गेट के सामने ही उतारते रहते हैं जिस कारण सड़क पर जाम दिनभर लगा रहता है। पास ही एक महावत हाथी को खड़ा करके पर्यटकों से भेंट लेता रहता है।

**यातायात पुलिस की सुस्ती, लोग परेशान-** यातायात पुलिस, शहर में हैलमेट पहनने की सख्ती और चालान बनाकर अपने दायित्व की इतिश्री कर लेती है किन्तु शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलो के आसपास की व्यवस्था को लेकर उदासीन बनी हुई है। क्षेत्रवासी रोज इस जाम से रोज परेशान होते रहते हैं।

# तिरुपति मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 12 को

## 15 जोड़ों का भी सामूहिक विवाह, ट्रस्ट ने कहा- शादी सादगी से भी संभव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में 12 दिसंबर को एक खास धार्मिक और सामाजिक आयोजन होने जा रहा है। शिप्रा तट के गोंसा क्षेत्र में श्री रणजीत हनुमान मंदिर के सामने निमार्णाधीन मंदिर परिसर में भगवान तिरुपति की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन का जिम्मा श्री रामनाथजी सेवा समिति ट्रस्ट ने संभाला है। सम्मेलन में सर्व समाज के करीब 15 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। खास बात यह है कि हर जोड़े को आयोजन समिति की ओर से गृहस्थी का जरूरी सामान भी दिया जाएगा, ताकि नवदंपती अपने जीवन की शुरूआत बिना किसी आर्थिक बोझ के कर सकें।



यह सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 दिसंबर की सुबह 6 बजे से शुरू होगा। इसमें उज्जैन के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी जोड़े शामिल होंगे।

ट्रस्ट के सदस्य और ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत योगी महावीर नाथ महाराज ने बताया कि ट्रस्ट सिर्फ धार्मिक कार्यों तक सीमित नहीं है। वर्तमान में ट्रस्ट सेवालय, वृद्धा आश्रम और नशा मुक्ति केंद्र का भी संचालन कर रहा है।

वृद्धा आश्रम में इस समय करीब 15 वृद्धजनों की सेवा की जा रही है। उनके सम्मान और सुविधा के लिए परिसर में ही बुढ़ा महादेव की स्थापना की गई है। ट्रस्ट का उद्देश्य बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन देना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

महंत महावीर नाथ ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का मकसद समाज को यह संदेश देना है कि शादी जैसे पवित्र संस्कार को सादगी और सामूहिक रूप से भी किया जा सकता है। इससे अनावश्यक खर्च से बचा जा सकता है और समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है।

इस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों में ट्रस्ट के सदस्य जगदीश पांचाल, काशीराम पाटीदार और विवाह संस्कारकर्ता पं. श्रीराम शर्मा सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# महाकाल में अब पुजारी पहनेंगे सोला

## सेवक-कुर्ता पायजामा जनवरी से ड्रेस कोड... आईडी कार्ड अनिवार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में 1 जनवरी से ड्रेस कोड लागू हो जाएगा। अब केवल पुजारी-पुरोहित सोला (धोती) पहने दिखाई देंगे। बाकी सेवक, मंदिर के कर्मचारी कुर्ता पायजामा में रहेंगे। उन्हें आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य रहेगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के लिए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने यह फैसला लिया है। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि जिस तरह सुरक्षा कर्मी ड्रेस कोड में रहते हैं, उसी तरह अब पुजारी ड्रेस कोड में होंगे। कई बार अनधिकृत लोग पुजारी बनकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। इस नई व्यवस्था से ऐसी स्थिति पर रोक लगेगी।

भस्मआरती में पहले पुरुष सोला व महिला साड़ी में भी जाते थे श्रद्धालु : पूर्व में जब गर्भगृह में जाने के लिए प्रतिबंध



नहीं था तब गर्भगृह में प्रवेश के लिए पुरुषों को आमतौर पर धोती-सोला और महिलाओं को साड़ी पहननी पड़ती थी। भस्मआरती में शामिल होने वाले भक्तों को मंदिर के इन महत्वपूर्ण नियमों का पालन करना पड़ता था। ड्रेसकोड अनुष्ठान की शुद्धता और पारंपरिक पवित्रता को बनाए रखता है।

महाकाल मंदिर समिति में 16 रजिस्टर्ड पुजारी, 22 पुरोहित और 45 प्रतिनिधि हैं। अब तक इनके लिए कोई ड्रेस कोड नहीं था, लेकिन नई व्यवस्था से सभी एक निर्धारित पोशाक में रहेंगे। इससे यह साफ रहेगा कि मंदिर में कौन अधिकृत है और कौन नहीं।

### केंद्रीय जेल प्रशासन की टीम ने आगर नाके से पकड़ा

# 10 माह बाद गिरफ्त में आया पैरोल से फरार हुआ बंदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा बंदी पैरोल मिलने के बाद फरार हो गया था। 10 माह बाद मंगलवार को केन्द्रीय जेल प्रशासन को सूचना मिली तो फरार बंदी को आगर नाके पर घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि शाजापुर थाना कालापीपल का रहने वाला अवध पिता प्रेमनारायण हत्या के मामले में शामिल था। जिसे न्यायालय ने आजीवन



कारावास की सजा सुनाई है। 16 नवम्बर 2019 को उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ लाया गया था, जहां वह सजा काट रहा था। शाजापुर कलेक्टर कार्यालय के आदेश पर सजायाफ्ता बंदी अवध को प्रथम पैरोल का लाभ 2022 में दिया गया था। उस दौरान बंदी 23 दिसंबर 2022 को वापस लौट आया था। जिसके बाद जेल मुख्यालय भोपाल के आदेश पर वर्ष 2023 से उसे नियमित पैरोल का लाभ दिया जा रहा था। 13 जनवरी 2025 को उसे फिर पैरोल पर मुक्त किया गया था। उसे 28 जनवरी 2025 को वापस लौटना था, लेकिन वह फरार हो गया था। सजायाफ्त बंदी के फरार होने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन बंदी लगातार फरार होना सामने आ रहा था। जेल अधीक्षक के अनुसार 10 माह बाद मंगलवार सुबह खबर मिली कि पैरोल पर फरार उक्त बंदी आगर नाके पर दिखाई दिया है। जिसके चलते तत्काल सहायक जेल अधीक्षक सुरेश गोयल, प्रहरी रवि सिकरवार को फरार बंदी को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। आगर नाके पहुंचकर बंदी अवध की तलाश की गई और कुछ घंटे की तलाश के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। जिसे भैरवगढ़ थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। जहां से न्यायालय में पेश कर पुनः केन्द्रीय जेल में दाखिल किया गया है।

## खबर एक नजर...

### छात्रा को क्यूआर कोड भेज खाते से उड़ाये 45 हजार रुपए

**उज्जैन।** यूपीएससी की तैयारी करने के साथ एनजीओ संचालित करने वाली छात्रा के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला नागदा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। अप्रैल माह में हुई धोखाधड़ी की शिकायत छात्रा ने सायबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक राशि नहीं मिली तो पुलिस को शिकायत की गई। नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया किअ महिदपुररोड शुगर मिल मार्ग पर रहने वाली प्राची पोरवाल 28 साल एनजीओ संचालित करने के साथ यूपीएससी की तैयारी कर रही है। अप्रैल माह में उसके अकाउंट में 5 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ था। मोबाइल पर मैसेज मिलने के कुछ देर बाद कॉल आया और कहा गया कि बेटा गलती से ट्रांजेक्शन हो गया है। दूसरे को भेजना था, कॉल करने वाले ने रुपए लौटाने की बात कहीं। प्राची पोरवाल ने इमानदारी दिखाते हुए रुपए लौटाने की बात कहीं तो कॉल करने वाले ने क्यूआर कोड भेजा, उसे ओपन करते ही शातिर हैकर ने खाते से 45 हजार रुपए उड़ा दिये। अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत सायबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई। लेकिन 8 माह तक खाते से निकाली गई राशि वापस खाते में नहीं आई तो मामले की शिकायत नागदा थाने आकर की गई। पुलिस ने मामले में मंगलवार को अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सायबर फ्रॉड करने वाले बदमाशों द्वारा आये दिन नये-नये तरीकों से लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। पुलिस ऐसे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करती है तो बदमाश तरीका बदल देते है।

### ससुर समझाने पहुंचा तो दामाद ने की मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम चकरावदा में मंगलवार को दामाद संतोष ने अपने ससुर लक्ष्मीनारायण पिता छगनलाल वर्मा 50 साल निवासी काजीवाड़ा थाना खाराकुआं के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। दामाद संतोष ने ससुर को चकरावदा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि घायल लक्ष्मीनारायण की शिकायत पर संतोष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। लक्ष्मीनारायण के अनुसार दामाद ने बेटी के साथ विवाद किया था। खबर मिलने पर वह दामाद को समझाने पहुंचे थे, इसी बात पर उसने मारपीट कर धमकी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### रात में 0.5 और दिन में 0.8 डिग्री पारा बढ़ा, फिर भी सामान्य से कम




**उज्जैन।** शहर में बीते 24 घंटों के भीतर दिन और रात के तापमान में वृद्धि जरूर हुई, लेकिन इसके बावजूद सामान्य औसत से तापमान कम बना रहा। बुधवार को भी इसी तरह का मौसम बना रहने का पूर्वानुमान है। उत्तरी सर्द हवा के कारण शहर में पिछले दो-तीन दिनों के भीतर ठंड का असर बढ़ा है। रविवार-सोमवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मंगलवार को दिन में 0.8 डिग्री बढ़कर अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रात में भी तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर्स ने अटैच करने पर जताया विरोध

**उज्जैन।** शिक्षा विभाग के आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को एसआईआर कार्य में अटैच किए जाने पर कर्मचारियों में नाराजगी है। ऑपरेटर्स का कहना है कि नियमों के अनुसार आउटसोर्स कर्मचारियों को निर्वाचन से जुड़े कार्यों में लगाया ही नहीं जा सकता, लेकिन उन्हें ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि तीन माह से वेतन भी नहीं मिला है।

उज्जैन
बुधवार
10
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### इंदौर में अवैध रूप से स्टॉक में रखे 156 सिलेंडर

**इंदौर।** गोवा में हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटना को देखते हुए इंदौर में प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतना प्रारंभ कर दिया है। शहर में गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से भंडारण करने वालों के विरुद्ध विशेष मुहिम चलाई जा रही है। मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के चार अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। जहां से भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित कुल 156 गैस सिलेंडर जप्त किए गए। ये सभी सिलेंडर घनी आबादी और रहवासी क्षेत्रों में बिना किसी वैध अनुमति, फायर सेफ्टी प्रमाणन और विस्फोटक विभाग की अनुज्ञप्ति के संग्रहित किए जा रहे थे, जो गंभीर दुर्घटना की स्थिति पैदा कर सकते थे। प्रशासन ने मौके से मिले सिलेंडरों को जब्त करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत केस दर्ज कर आगे जांच प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर में अवैध गैस भंडारण पर इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिला खाद्य नियंत्रक एमएल मारू ने बताया कि शहर के केटरिंग व्यवसायियों द्वारा शहर के मध्य में अवैधानिक रूप से संचालित एलपीजी के गोदामों पर आकस्मिक छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर केटरिंग व्यवसायियों द्वारा बगैर वैधानिक अनुमति के, फायर सेफ्टी के, विस्फोटक विभाग की अनुज्ञप्ति के बडी मात्रा में विभिन्न क्षमताओं वाले गैस सिलेंडरों का भंडारण/संग्रहण करना पाया गया।

### हिंदू युवती को साथ रखे हुए था सुफियान अंसारी, करणी सेना के पदाधिकारी पहुंचे

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर में सुफियान अंसारी के साथ रह रही एक हिंदू युवती की सूचना पर करणी सेना के कार्यकर्ता वहां पहुंचे। इसके बाद युवती को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में युवती ने शिकायत करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने सुफियान पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत के मुताबिक, मंगलवार को उन्हें जानकारी मिली थी कि हिंदू लड़की को सुफियान अंसारी नाम के युवक ने डेढ़ माह से अपने साथ रखा हुआ है। दोनों एक किराए के घर में हैं। युवती एमजी रोड की रहने वाली है। इसके बाद स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई। मूसाखेड़ी से युवती को बरामद कर उसे परिवार के सुपुर्द किया गया। इधर करणी सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि सुफियान पर बाणगंगा में पूर्व में एफआईआर दर्ज है। उसने राजस्थान ले जाकर एग्रीमेंट कर फर्जी तरीके से शादी की है और उसका धर्म परिवर्तन करवा दिया है। हालांकि युवती और उसके परिजन ने अभी मामले में एफआईआर से इनकार कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में सुफियान पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है।

### इंदौर के द्वारकापुरी में बाइक सवारों का आंतक

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र स्थित सूर्यदेव नगर में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात बाइक सवार बदमाशों ने कारों पर पत्थर बरसाकर लोगों में दहशत फैला दी। बदमाशों ने एक के बाद एक तीन से ज्यादा कारों के कांच तोड़ दिए। सुबह जब रहवासी जागे तो टूटी कारें देखकर मामला सामने आया। इसके बाद लोग थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने पहले आवेदन लिया और बाद में एक पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। तघटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ कैद हुई। फुटेज में दो बाइक पर सवार चार युवक चलते-चलते कारों पर पत्थर फेंकते दिखाई दे रहे हैं। जिन वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया, उनमें रेखा माहेश्वरी की ग्रैंड विटारा, धीरज शाह की टाटा कार और एक हुंडई कार सहित अन्य दो वाहन शामिल हैं।

### 6 करोड़ से ज्यादा होंगे खर्च, सिंहस्थ के पहले बनकर तैयार होगा, पत्थर के लिए ढूंढ रहे दानदाता

# इंदौर में महाकाल लोक की तर्ज पर बनेगा रणजीत लोक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर का 150 साल पुराना रणजीत हनुमान मंदिर अब उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित होने जा रहा है। इसमें 6 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। जबकि मंदिर में लगने वाले पत्थर पर भी लगभग इतनी ही राशि खर्च होगी।

मंदिर का विकास काम शुरू हो गया है। सबसे पहले बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। अलग-अलग चरणों में यहां निर्माण और विकास काम होंगे। मंदिर उज्जैन में 2028 में लगने वाले सिंहस्थ के पहले नए स्वरूप में आ जाएगा। बता दें, मंदिर में हर साल पौष माह में विशेष आयोजन होते हैं। इस बार भी मंदिर में चार दिवसीय आयोजन 9 दिसंबर से शुरू हो चुके हैं। 12 दिसंबर को यहां स्वर्ण रथ में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। वहीं, सवा लाख रक्षा सूत्र वितरित करेंगे। मंदिर प्रशासक एनएस राजपूत ने बताया- रणजीत लोक निर्माण की जिम्मेदारी नोडल एजेंसी इंदौर स्मार्ट सिटी को दी गई है। इसके लिए मंदिर के फंड और दान की राशि का उपयोग किया जाएगा।



**परिसर में पुलिस चौकी, बेबी फीडिंग रूम बनेगा-** रणजीत लोक की छत पर भी कशीदाकारी की जाएगी। बाउंड्रीवॉल पर रंगबिरंगी लाइटिंग लगेगी। यहां भी सुंदरकांड का चित्रण होगा। मंदिर का एक्सटेंशन 40 फीट आगे तक होगा। नया मुख्य द्वार बनेगा। शेड तैयार किए जाएंगे।मंदिर परिसर में ही पुलिस चौकी बनाई जाएगी। नया जूता स्टैंड, पेय जल की व्यवस्था की जाएगी। बेबी फीडिंग रूम और बुजुर्गों के लिए अन्य सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

#### 1960 में गर्डर-फर्शी से पक्का बनाया, 1992 में छत डाली

मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास के परदादा पं. भोलाराम व्यास इस मंदिर के संस्थापक पुजारी थे। उनकी पांचवीं पीढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना कर रही है। पं. व्यास ने कहा- शुरूआत में बाबा रणजीत टीन से बने शेड में विराजमान थे। 1960 में गार्डर-फर्शी से पक्का निर्माण किया गया। 1992 में आरसीसी छत डाली गई।

#### हर साल इसलिए निकलती है प्रभात फेरी

पुजारी पं. दीपेश व्यास का कहना है कि सीताजी के हरण के बाद वानर राज सुग्रीव के आदेश पर वानर सेना उनका पता लगाने गई थी। हनुमान जी उनका पता लगाकर लौटे थे। यह खबर जब भगवान राम ने सुनी तो उन्होंने कहा कि हनुमान तुम रण को जीतकर आए हो। लंका को जलाकर आए हो इसलिए आज से मैं तुम्हें रणजीत नाम प्रदान करता हूं। इसके बाद वहां लाखों वानरों ने हनुमान जी को कंधे पर बैठाकर पूरे जंगल में परिभ्रमण कराया था। इसी के प्रतीकात्मक स्वरूप पौष अष्टमी पर यह यात्रा निकलती है।

मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने कहा- रणजीत हनुमान मंदिर 135 साल से भी ज्यादा पुराना है। यहां इंदौर ही नहीं, आस-पास के जिलों से भी श्रद्धालु आते हैं। मंगलवार और शनिवार को यहां भक्तों की संख्या हजारों में पहुंच जाती है।

#### आज भजन संध्या, 51 हजार दीये जलाकर मनेगी दिवाली

चार दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन आज यानी बुधवार को भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में कई प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इससे पहले दीपोत्सव मनाया जाएगा। इसमें मंदिर परिसर को शाम 7 बजे 51 हजार दीयों से रोशन किया जाएगा।

### मप्र की सबसे बड़ी टैक्स चोरी

# गुटखा कारोबारी वाधवानी पर 1946 करोड़ रुपए की जीएसटी डिमांड

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी द्वारा 2017 से 2020 के बीच सिगरेट और पान मसाले के अवैध निर्माण और बिक्री के माध्यम से की गई टैक्स चोरी में अंततः केन्द्रीय जीएसटी ने वाधवानी के एलोरा टोबैको के विरुद्ध 1946 करोड़ रुपए की डिमांड का आदेश पारित किया है।

इससे पहले फरवरी 2025 में अन्य आरोपियों के खिलाफ आदेश पारित हो चुका है। 76 करोड़ की सेंट्रल एक्साइज चोरी के मामले में डिमांड का आदेश आना शेष है।



कुल टैक्स चोरी 2000 करोड़ रुपए की है। यह आदेश 2020 में डीजीजीआई के ऑपरेशन कर्क के तहत की गई जांच के आधार पर एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी - जॉइंट कमिश्नर योगेश उंडे द्वारा पारित किया गया है। संभवतः ये मप्र में किसी भी कारोबारी के विरुद्ध जारी होने वाला सबसे बड़ी राशि का आदेश है। वाधवानी के काले धंधों की जांच 2019 में डीजीजीआई ने शुरू की थी और इसी साल उसके ठिकानों पर छापे मारकर सभी सबूत और दस्तावेज भी जब्त किए थे। इस दौरान वाधवानी के समर्थकों ने पुलिस के साथ मारपीट भी की थी। मामला एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के पास 2022 में आया जिसके बाद वाधवानी के विरुद्ध सुनवाई शुरू हुई। हालांकि जो सुनवाई एक साल में पूरी हो जानी थी, उसमें और समय मांगते हुए वाधवानी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर देते हुए कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस वजह से एक साल में पूरा होने वाला काम 3 साल में हुआ।

# इंदौर-भोपाल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

पुलिस कमिश्नरी सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक अनूठा प्रयास शुरू किया है। सरकार द्वारा देश के 70 शहरों में लागू पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली को समान अधिकार देने की पहल शुरू की गई है। इसका उद्देश्य है कि जहां-जहां पुलिस कमिश्नरी लागू है, वहां सभी के अधिकार समान हों।


इसके लिए प्राथमिक तौर पर एक अध्ययन भी करवाया जा रहा है। इसके लिए नेशनल पुलिस एकेडमी (एनपीए) को नोडल एजेंसी बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। एनपीए ने इंदौर-भोपाल पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर अपने यहां एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर जानकारी उपलब्ध करवाने को कहा है। एनपीए को कमिश्नरी सिस्टम की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए राज्य में नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी डीसीपी रैंक के हैं, जो मप्र में भोपाल और इंदौर के लिए कमिश्नरी सिस्टम को लेकर पुलिस को मिले पॉवर और कमजोरियों की जानकारी देकर एनपीए को अपडेट करेंगे। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो पुलिस कमिश्नरी मजबूत होगी।

# राजबाड़ा को सेंट्रल पाइंट मानकर होगा जोन का बंटवारा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शहर में बेतरतीब चल रहे ई-रिक्शा और उनके कारण बिगड़ते ट्रैफिक को सुधारने के लिए प्रशासन ने नया प्लान तैयार किया है। अब पूरे इंदौर को छह अलग-अलग रूट (जोन) में बांटा जाएगा। हर रूट का अलग रंग (कलर कोड) तय होगा। इस रंग का लोगो ई-रिक्शा के आगे और पीछे लगाया जाएगा।

**ई-रिक्शा ड्राइवरों को भी पहनना होगी वर्दी, छह जोन में बांटेंगे ई-रिक्शा के रूट**



हर रूट लगभग 12 से 15 किमी का होगा। चालक अपनी पसंद का जोन चुन सकेगा और उसे सिर्फ उसी जोन में गाड़ी चलाने की अनुमति दी जाएगी। दूसरे रूट में पाए जाने पर उस पर कार्रवाई होगी।

**आरटीओ-ट्रैफिक पुलिस की बैठक में बनी योजना-** ई-रिक्शा संचालन को ठीक करने को लेकर आरटीओ प्रदीप शर्मा और ट्रैफिक डीसीपी आनंद कलादगी ने ई-रिक्शा संचालकों के साथ बैठक की। जिला सड़क सुरक्षा समिति की पिछली बैठक में भी इस विषय पर चर्चा हुई थी। कलेक्टर ने परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस को मिलकर प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे।

#### रंग के लोगो पर होगा रूट नंबर

हर रूट के लिए अलग रंग तय किया जाएगा। जैसे यदि रूट-1 का रंग पीला है, तो उस रूट के सभी ई-रिक्शा पर पीला लोगो लगाया जाएगा, जिस पर रूट नंबर, रिक्शा नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर लिखा होगा।

**राजबाड़ा केंद्रीय बिंदु, यहीं से तय होंगे रूट-** रूट निर्धारण राजबाड़ा को केंद्र में रखकर किया जा रहा है। दो रूट पश्चिम इंदौर में। दो पूर्वी इंदौर में। और दो रिंग रोड व आस-पास के क्षेत्र में बनाए जाएंगे। अपने तय रूट से बाहर चलने वाले ई-रिक्शा पर चालान होगा।

#### शहर में 10 हजार ई-रिक्शा, ट्रैफिक पर दबाव

अभी इंदौर में करीब 10 हजार ई-रिक्शा चल रहे हैं। राजवाड़ा, पाटनीपुरा, भंवरकुआं और गंगवाल जैसे क्षेत्रों में ये सड़क किनारे खड़े होकर ट्रैफिक को प्रभावित करते हैं। नई व्यवस्था से इस अव्यवस्था पर रोक लगने की उम्मीद है।

**वर्दी और नेम प्लेट भी जरूरी-** ऑटो रिक्शा चालक महासंघ के अनुसार अब ई-रिक्शा चालकों को वर्दी पहनना और नेम प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। आगे चलकर इनके लिए स्टैंड भी बनाए जाएंगे।

## खबर एक नजर...

### सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने किया म.प्र. एमेच्योर कुश्ती संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव का सम्मान

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति एवं रजिस्टर्ड युवा संगठन उज्जैन के पदाधिकारियों ने सेन समाज की और से मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर समाजसेवी नारायण यादव का साफा बांधकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक भरत भाटी, शहर अध्यक्ष संतोष भाटी, वरिष्ठ समाजसेवी शिव भाटी, युवा संगठन सचिव जितेंद्र सेन सारोला, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

### दीवार लेखन, संगोष्ठी, विद्यालय प्रतियोगिताएं से जल संचय के लिये करें जागरुक

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास उज्जैन द्वारा गठित नगर विकास समिति वार्ड क्रमांक 21 एवं अवनी श्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था द्वारा जल संरक्षण अंतर्गत समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण अभियान अंतर्गत जल संचय की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड में दीवार लेखन संगोष्ठी, विद्यालय प्रतियोगिताएं एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक जल संरक्षण की दिशा में हम जनमानस को जागरुक कर सकते हैं और सामूहिक प्रयास से जल संचय में हमारा योगदान दें। शहरी क्षेत्र में जल संरक्षण एवं जल संग्रहण को बढ़ावा देने हेतु यह सामूहिक प्रयास करें। इस दौरान सभी को जल संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रियंका जोशी अध्यक्ष नगर विकास समिति वार्ड 21 ने बताया कि ह्लहमारे आसपास पशु, पक्षियों के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है ह्व हमें भी जल संचय अभियान पर कार्य करना है। बैठक के साथ ही संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें जल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष के रूप से अवनि श्री के सदस्य दीपिका जोशी, पूनम दुबे, अनीता शास्त्री, ज्योति व्यास, पूजा जोशी, अर्पण जोशी आदि उपस्थित रहे।




धर्म संसद, राष्ट्र धर्म से बड़ा कोई धर्म नही है

# सनातन धर्म था, आज भी है और आगे भी रहेगा, भारत वर्ष 2050 में बनेगा हिंदू राष्ट

### कोदंड गर्जना की धर्म संसद में हिंदू राष्ट् की परिकल्पना एवं चुनौतियों पर संतो ने रखे अपने विचार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत सदाचार का देश है, जिसमें सत्य, अहिंसा, परोपकार, करुणा, विद्या, क्षमा, दया, ज्ञान आदि गुण समाहित है। देश में बीते 11 वर्षो में जो धर्म का पुनरजागरण हुआ वह अद्भुत और अकल्पनीय है। हमारे मानबिंदुओं को सजाया, संवारा गया। दीपोत्सव के रिकार्ड तोड़ कार्यक्रम हुए। देवालयो में धर्म ध्वजा लहराने की संख्या बढ़ी। धर्म स्थलों पर दर्शनार्थियो की संख्या में तेजी से बढ़ोत्री हुई। ये सारे संकेत बताते है कि भारत हिंदू राष्ट बनने की ओर तेजी से अग्रसर है और अब कोई भी ताकत रोक नही सकती है। हिंदू राष्ट्र बनने के साथ वह विश्व गुरु भी बनकर रहेगा। हालांकि संवेधानिक दृष्टि से भारत एक ऐसा धर्म निरपेक्ष देश है, जहां सभी धर्मो और संप्रदाय को समान दृष्टि से देखा जाता है।

ये विचार विभिन्न संत-महंत, महामंडलेश्वर, विद्वतजन, ज्योतिषियों और मीडियाकर्मियों के है, जो उन्होंने उज्जैन स्थित मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में आयोजित धर्म संसद 2025 में व्यक्त किये। विषय था हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना एवं चुनौती। इस मौके पर 11 हिंदू योध्दाओं का शाल, श्रीफल, रुद्राक्ष की माला और प्रमाण पत्र एवं महाकाल मंदिर की प्रतिकृति प्रदान क? सम्मान किया गया। धर्म संसद 2025 में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरी, निवार्णी अखाडा के पीठाधीश्वर महंत विशालदास महाराज, नाथ संप्रदाय के योगी पीर रामनाथ महाराज, दिनेश पंडित त्रिपाठी, पं. सर्वेश तिवारी ज्योतिषाचार्य पं. योगेंद्र महंत राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण समाज संघ, अभिभाषक डॉ. पंकज वाधवानी, अधिवक्ता दुर्गेश शर्मा, ज्योतिषाचार्य पं. अरविंद तिवारी, पं. अजय व्यास अतिथि वक्ता थे। सभी अतिथियों का स्वागत कोदंड गर्जना की संपादक और सयोजक शीतल रॉय ने किया। इस मौके पर अतिथियों ने कोदंड गर्जना का विमोचन करते हुए कहा कि आज ऐसे ही पत्र की जरूरत है, जो समाज में समरसता लाये।

महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंदजी ने कहा कि उच्चतम सभ्यता का नाम हिंदुतव है। यह केवल धर्म या उपासना तक सीमित नही होकर जीवन पद्धति है। यह ऐसा जीवन दर्शन है जिसमें विश्व बंधुत्व की भावना है। महंत विशाल दास महाराज ने कहा कि कोई भी राष्ट्र बिना धर्म के बड़ा नहीं हो सकता है। भारत का धर्म हिंदुत्व है, जो पूरी दुनिया का आज मार्गदर्शन कर रहा है। सनातन धर्म आदिकाल से है जो आज भी है और कल भी रहेगा।

योगी पीर रामनाथ महाराज ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट है और आगे भी रहेगा, इसमें किसी को संशय नहीं होना चाहिए। ईश्वर एक है और जाति व्यवस्था मनुष्यों ने बनाई। पं. दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि धर्म का अर्थ है कि उसका आचरण करते हैं दूसरो का भला करना। विश्व ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष पं. योगेंद्र महंत ने कहा कि आज हमे संयुक्त परिवारों की और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इससे सामाजिक सम रसता बढ़ेगी। भारत के हिंदू राष्ट बनने में आने वाली बाधाये एक दिन स्वत दूर हो जायेगी। मुख्यमंत्री मोहन डॉ यादव के बड़े भाई एवं उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव ने कहा कि आज मूल्य आधारित पत्रकारिता को बढ़ावा देना जरूरी है।

# मृत्यु शाश्वत सत्य, यह मानकर अपने जीवन को धर्ममय बनाएं- आचार्यश्री

### 6 आचार्यों की पदवी की दिनांक और स्थान की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आ.दे. अशोकसागर सूरिश्वरजी मसा. सागरचंद्रसागर सूरिश्वरजी मसा, सौम्यचंद्रसागर सूरिश्वरजी मसा, विवेकचंद्रसांगर सूरिश्वरजी मसा, प्रवर्तक धैर्यचंद्र सागरजी मसा, साध्वीश्री पूर्णयशा श्रीजी मसा आदि श्रमण श्रमणी वृंद का दौलतगंज स्थित कांच के जैन मंदिर से मंगल प्रवेश हुआ। विभिन्न मार्गों से होता हुआ चल समारोह खाराकुआ स्थित ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी मंदिर पहुंचा।

पेढ़ी पर धर्मसभा में आचार्यश्री अशोकसागरजी ने 6 आचार्यों की पदवी की दिनांक और स्थान की घोषणा की। जिसमें पंच परमेष्ठी के तृतीय पद याने आचार्य पद पर आरूढ़ होने वाले सुविशुध्द संयमी पंचाचार पालक गणिवर्य श्रीतीर्थचंद्रसागरजी मसा का आचार्य पद मुहूर्त वधावणां, प्रवचन प्रभावक आ. सागरचंद्र सूरिश्वरजी मसा के शिष्य रत्न गणिवर्य तीर्थचंद्रसागर मसा आचार्य पदवी का मुहूर्त वैसाख सुदी 7 गुरूवार 23 अप्रैल 2026 को सूरत वैसु जैन संघ में होगी। साथ ही सारगर्भित प्रवचन में कहा कि मृत्यु शाश्वत सत्य है, यह मानकर व्यक्ति को अपने जीवन को धर्ममय बनाना चाहिये। धर्मसभा में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी मौजूद रहे। श्री ऋषभदेव छगनीरामजी पेढ़ी ट्रस्ट मंडल की ओर से साधार्मिक वात्सल्य रखा गया। धर्मसभा में नरेंद्रकुमार तरसिंग, जयंतीलाल हरणिया, गौतमचंद धींग, लक्ष्मीदेवी अनुपकुमार जैन, अनिल कुमार शेखावत, प्रमोदकुमार जैन, अशोककुमार भंडारी, संजय जैन, सौरभ जैन, सुभाष दुग्गड़, अभय मेहता, प्रकाश सांवरा, राजेश पटनी, संजय जैन खलीवाला सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



### 15 दिसंबर को उज्जैन आयेगी स्वदेशी संकल्प यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकलने वाली स्वदेशी संकल्प यात्रा नागपुर से प्रारंभ होकर देशभर में भ्रमण कर रही है। इसी कड़ी में यह यात्रा उज्जैन जिले में 15 दिसंबर को प्रवेश करेगी।

यह यात्रा तराना, घोंसला, घटिया, आगर मार्ग होते हुए उज्जैन में प्रवेश करेगी। शहर के विभिन्न मार्गो इंदिरा नगर, मंडी चौराहा, अंकपात मार्ग, तेलीवाडा चौराहा, कंठाल चौराहा, फव्वारा चौक, मालीपूरा, देवास गेट, चामुंडा चौराहा, टावर, शहीद पार्क, कमला नेहरू मार्ग, देवास रोड, महानंदा नगर, कॉसमॉस मॉल नानाखेड़ा, सिंधी कॉलोनी होते हुए घंटाघर पहुंचकर जनसभा के रूप में संपन्न होगी। यह यात्रा स्थानीय व्यापार, स्वदेशी उद्योग, भारतीय उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रव्यापी अभियान को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसका आगमन जन जागरण और स्वदेशी विचार के प्रसार का एक विशिष्ट अवसर है। पदाधिकारियों ने यात्रा मार्ग में व्यापारी, जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों से यात्रा में सम्मिलित होकर स्वागत एवं भव्यता प्रदान करने की अपील की। जिसमें कैट के संभागीय अध्यक्ष अवतंस जैन, ऋषभ अग्रवाल, धीरज गोभुज, प्रदीप तिवारी, अजय त्रिवेदी, हिमांशु कुशवाह, विजय पांचाल, गंगाराम मंडलोई, महेश पाटीदार, नंदकिशोर मंडलोई आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भर्तृहरिगुफा को पर्यटक स्थल कॉरिडोर बनाएं

### ऋणमुक्तेश्वर महादेव का हो सरकारीकरण

### महाकाल सेना ने की मुख्यमंत्री से मांग, सिंहस्थ क्षेत्र की सरकारी भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कराएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल लोक से उज्जैन को विश्व पटल पर धार्मिक पहचान और व्यापार की सौगात मिली हैं लेकिन उज्जैन का पुराना क्षेत्र गढ़कालिका क्षेत्र आज भी अविकसित है। जिसका विकास किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

इस आशय का एक मांग पत्र महाकाल सेना धर्म प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख राजेश बैरागी और नगर प्रमुख राम शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजकर मांग की है कि पुरानी उज्जैन में भी विकास होना चाहिए जिसमें भर्तृहरि गुफा प्राचीन और पुरातात्विक स्थान होने के कारण उसका विकास किया जाना चाहिए ओर पर्यटक स्थल के रूप में कॉरिडोर बनाकर पुरानी उज्जैन को विकास की सौगात दी जाना चाहिए। साथ ही ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर को अधिग्रहण कर समिति बनाकर सरकारीकरण किया जाना चाहिए क्योंकि वहां कोई पुजारी नहीं हैं और वहां पर देश विदेश से आने वाले दर्शनार्थियों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण मंदिर के लोगों द्वारा दर्शनार्थियों को अपमानित किया जाता हैं। अधिक मूल्य पर पूजन सामग्री बेची जाती हैं और दुर्व्यवहार किया जाता हैं जिसके कारण उज्जैन की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही सिंहस्थ क्षेत्र के रणजीत हनुमान मंदिर के सामने सरकारी भूमि पर अनेकों आश्रम बन गए हैं जिसकी जांच की जाना चाहिए। साथ ही चिंतामन रोड स्थित यंत्र महल के आगे सरकारी भूमि पर शनि मंदिर स्थापित है पूर्व कलेक्टर अजातशत्रु द्वारा इस स्थान को मुक्त कराने के लिए मूर्ति को हटाने के आदेश दिए थे लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई बल्कि पहले जहां मूर्ति थी वहां से ओर आगे बैठाकर सरकारी भूमि पर आश्रम की आड़ में लाज होटल संचालित कर आर्थिक लाभ कमाया जा रहा हैं।

उक्त सरकारी भूमियो को अतिक्रमण से मुक्त कराकर वहां सरकारी जनोपयोगी कार्य योजना बनाई जाना चाहिए क्योंकि पिछले दिनों अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्रपुरीजी ने कलेक्टर से यह मांग की गई है कि अखाड़ों की भूमियों से निजी नाम हटाया जाना चाहिए। जिसका महाकाल सेना समर्थन करती हैं अखाड़ा परिषद अध्यक्ष की मंशा अनुरूप अखाड़ों की भूमियो से व्यवसायीकरण हटाकर इन भूमियों का धार्मिक आयोजनों के उपयोग करने हेतु सुरक्षित किया जावे, साथ ही सरकार अखाड़ों की भूमियों की नपती करे, जिससे अखाड़ों की भूमि सुरक्षित हो सके। अखाड़ों की भूमियों से कई बीघा सरकारी भूमि भी लगी हुई हैं यदि अखाड़ों के पास सरकारी भूमि निकलती है तो उसे सरकार अपने कब्जे में लेकर जनहित के निर्माण करें। जिससे मध्य प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप सिंहस्थ क्षेत्र में आम सनातन धर्म के लोगों को सुविधा मिल सके।

## खबर एक नजर...

### उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने जीता सोना

**उज्जैन।** उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय की छात्राओं ने राज्य शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।

विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि विद्यालय की राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी वृतिका कुरैल व तेजस्वी मंगरोले द्वारा अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया गया है। विद्यालय की व्यायाम शिक्षक ऋतु शर्मा ने बताया कि गुना में आयोजित राज्य शालेय प्रतियोगिता तथा इन्दौर में आयोजित राज्य सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा इन्दौर में आयोजित सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय से खिलाड़ियों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्यों डॉ उमा शर्मा, शैफाली चतुर्वेदी, सुनील शर्मा, अंकित शर्मा, निरंजन कुमार बेलिया द्वारा हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

### तीन दिवसीय श्री मायापति हनुमान अष्टमी महोत्सव आज से

**उज्जैन।** श्री मायापति हनुमान मंदिर परिवार द्वारा चरक भवन के सामने सामाजिक न्याय परिसर आगर रोड स्थित श्री मायापति हनुमान मंदिर पर तीन दिवसीय श्री हनुमान अष्टमी महोत्सव आज से प्रारंभ होगा। मंदिर के पुजारी गणेश राय ने बनाया कि आज 10 दिसंबर को सुबह 9 बजे बाबा का महा रुद्राभिषेक एवं फूलों से सहस्त्रार्चन किया जाएगा। 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे बाबा का श्रृंगार एवं अखंड रामायण पाठ आरंभ होगा। 12 दिसंबर को सुबह 9 पूर्ण आहुति आरती, शाम को 7 बजे महा आरती एवं उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक मनीष बरवेले द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

# अस्मिता खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग लीग-2025 में 250 बालिकाओं ने लिया हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




बालिकाओं में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अस्मिता खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग लीग 2025 का आयोजन सांदीपनि विद्यालय, मानसा (नीमच) में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में नीमच जिले की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 81 पदक अपने नाम किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच आनंद श्रीवास्तव, प्राचार्य बंसीलाल बसेर सांदीपनि विद्यालय, केजीबीवी हॉस्टल वार्डन गीता सेन, किरण वर्मा, ममता कुंवर, नीलू सोलंकी में उपस्थित रहे। संचालन एवं समन्वयक का दायित्व हांसी राजेंद्रसिंह तोमर, किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सेक्रेटरी आशुतोष दाधिच, सेंसई दुर्गेश कवरेती (रेफरी/जज) के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई। एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश और उनकी टीम में विजय बरेठिया नेशनल रेफरी, जितेंद्र राठौर नेशनल, शुभम कराड़ी नेशनल रेफरी, अभिषेक राठौर स्टेट कोच, प्रणय चौधरी असिस्टेंट डायरेक्टर शामिल रहे। नीमच से हेड कोच ऋतु परमार पिता मुकेश परमार (नेशनल जज एंड रेफरी) एवं शैलेन्द्र यादव, मंदसौर से कोच आदित्य चनाल और शैलेंद्र सहित अन्य प्रशिक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 250 बालिकाओं ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 24 गोल्ड, 25 सिल्वर, 32 ब्रॉन्ज मेडल जीते। बालिकाओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्राचार्यों एवं संपूर्ण स्टाफ ने उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना करते हुवें आशीर्वाद प्रदान किया। खेलेगा इंडिया आगे बड़ेगा इंडिया।

## अली असगर मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑगेर्नाइजेशन के प्रशासनिक सचिव नियुक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑगेर्नाइजेशन के राष्ट्रीय महामंत्री तपन अग्निहोत्री की सहमति से अली असगर पाटला वाला को उज्जैन मंडल, मध्य प्रदेश का प्रशासनिक सचिव नियुक्त किया गया है। सलीम आरिफ ने जानकारी देते हुए बताया कि नियुक्ति होने पर संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अली असगर का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नव-नियुक्त प्रशासनिक सचिव अली असगर ने राष्ट्रीय महामंत्री एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वे निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने, एकता एवं शिष्टाचार की भावना को बढ़ावा देने तथा समाज को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए वे सतत कार्यरत रहेंगे। साथ ही मानवाधिकारों के हनन एवं शोषण के विरुद्ध संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी व्यक्त किया।



## शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में हुई वार्षिक बैठक, रंगारंग कार्यक्रम हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत विश्व बैंक पोषित एवं आइक्यूएसी के अंतर्गत वामिका पूर्व छात्रा संगठन, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन की वार्षिक बैठक एवं पूर्व छात्र सम्मेलन डॉ. लीना शाह संयोजक, प्रभारी पूर्व छात्रा के निर्देशन में गांधी हॉल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम संगठन की वार्षिक बैठक की गई जिसमें संगठन के चुनाव किए गए। चुनाव के पश्चात संगठन की कार्यकारिणी समिति में सर्वसम्मति से डॉ. चित्ररेखा जैन अध्यक्ष, संगीता सक्सेना उपाध्यक्ष, रजनी नरवरिया सचिव, अलका राठौर सहसचिव, डॉ. रुचिका खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, दीक्षा सोलंकी सदस्य, डॉ. लीना शाह सदस्य ने अपना पदभार ग्रहण किया।

तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व छात्राओं को महाविद्यालय के विकास हेतु शपथ दिलाई। डॉ लीना ने पूर्व छात्राओं को वामिका पूर्व छात्रा संगठन के उद्देश्य से परिचित कराते हुए एनएएसी में पूर्व छात्राओं की भूमिका के बारे में प्रकाश डाला। डॉ चित्ररेखा जैन वामिका पूर्व छात्रा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में पूर्व छात्राओं और को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें नवीन प्रौद्योगिकी से अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहिए जिससे हममें आत्मविश्वास बढ़ेगा। कॉलेज का समय वह होता है जब हम अपने सपनों को गढ़ सकते हैं।

रजनी नरवरिया ने तलवारबाजी प्रशिक्षण देने की सहमति दी एवं अलका राठौर ने योग शिविर लगाने हेतु महाविद्यालय में अपनी स्वीकृति दी है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के जीवन का स्वर्ण काल होता है पूर्व छात्राएं महाविद्यालय की रीढ़ की हड्डी है। वें अपने जीवन की सफलताओं से वर्तमान विद्यार्थियों को लाभान्वित करें।

## कोठी पर स्मार्ट सिटी ऑफिस के सामने बने स्मार्ट टॉयलेट में लटक रहा ताला

### पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा टॉयलेट

### कोठी पर स्मार्ट सिटी के ऑफिस के सामने बना स्मार्ट टॉयलेट कई दिनों से पड़ा है बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर को साफ और सुंदर रखने के लिए स्मार्ट सिटी योजना के तहत कई जगह पर स्मार्ट टॉयलेट बनाए गए हैं। जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) सफल हो सके। यही नहीं ये अत्याधुनिक शौचालय केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के निर्धारित मापदंड को पूरा कर सके। लेकिन उज्जैन में बनाए गए इन स्मार्ट टॉयलेटों की हालत दयनीय है।विभागीय लापरवाही और उचित रखरखाव के अभाव में लाखों रुपए की लागत से बनाए गए स्मार्ट टॉयलेट बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं।आम लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए इन स्मार्ट टॉयलेटों के हाल खस्ता है। ऐसे? ही कोठी पर स्मार्ट सिटी ऑफिस के सामने बने टॉयलेट पर कई वर्षों से ताला लटका हुआ है। इस वजह से इस टॉयलेट का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस टॉयलेट को स्मार्ट सिटी के तहत बनाया गया था। लेकिन यह स्मार्ट टॉयलेट पिछले कई दिनों से बंद पड़ा है। खास बात यह है कि टॉयलेट से कुछ कदमों की दूरी पर ही स्मार्ट सिटी का ऑफिस है और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के ऑफिस भी यहीं पर है ऐसे में हमेशा यहां प्रशासनिक अधिकारियों की आवाजाही रहती है। लेकिन उसके बाद भी टॉयलेट पर ताले लटक रहे हैं। तथा लोग इस टॉयलेट का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

लोगों ने बताया कि कोठी के समीप स्मार्ट सिटी कार्यालय के सामने बना स्मार्ट टॉयलेट काफी दिनों से बंद पड़ा है।कई बार लोगों ने अधिकारियों को टॉयलेट के ताले खुलवाने के प्रयास किये ताकि कोर्ट में आने वाले लोग इसका उपयोग कर सके लेकिन उसके बाद भी अभी तक टॉयलेट के ताले नहीं खुले हैं इस कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे है।

### टॉयलेट तो बनवा दिए लेकिन सफाई नहीं

नगर निगम ने शहर में कई स्थानों पर टॉयलेट तो बनवा दिए हैं लेकिन उनकी सफाई नहीं होने से गंदगी फैल रही है। नगर निगम के पास बड़ा अमला है। लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सुबह शाम कोठी रोड पर बड़ी संख्या में लोग सुबह शाम टहलने के लिए आते हैं। ऐसे में लोग इस टाइलेट का उपयोग नहीं कर पा रहे है।

### जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में अयान खान बने मिस्टर उज्जैन

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टेडियम में स्व. सुरेंद्र सिंह कुशवाह की स्मृति में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश के तत्वावधान में जिला शरीर सौष्ठव संस्था द्वारा 36वीं जिला स्तरीय जूनियर, सीनियर एवं मेन फिजिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इंजीनियर दानिश खान ने बताया कि एक दिवसीय कार्यक्रम में उज्जैन जिले के बड़ी संख्या में बॉडी बिल्डर्स ने हिस्सा लिया और दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में शहर के बॉडी बिल्डर अयान खान ने मेन फिजिक वर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर मिस्टर उज्जैन का खिताब अपने नाम किया।

## नियमों की उलझन में पंचायतों के विकास कार्य

# आवश्यक कार्य होने पर भी नियमों के तहत मिली राशि का उपयोग करना मुश्किल हुआ

### पंचायतों को किसी भी तरह की मिट्टी, मुरम या रेत उठाने की अनुमति तक नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नियम एवं शर्तों के तहत पंचायतों को राशि मिलने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य करना मुश्किल हो गया है। हालत ऐसी है कि पंचायतों को किसी भी तरह की मिट्टी, मुरम या रेत उठाने की अनुमति तक नहीं है। यही नहीं 5वें और 15वें वित्त आयोग के तहत जो राशि दी जाती है, उसे कहां खर्च करना है, यह फिक्स करके रखा है। ऐसे में जो काम पहले जरूरी हैं, उन्हें करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में आवश्यकता होने पर नल-जल योजना में जबरिया खर्च बताने जैसे मामले भी अंजाम दिए जा रहे हैं।

यह हालत उज्जैन ही नहीं प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सामने आ रही है। सरपंचों का कहना है कि सरकार की तरफ से 5वें और 15वें वित्त आयोग के तहत जो राशि दी जाती है, उसे कहां खर्च करना है, यह फिक्स करके रखा है। ऐसे में जो काम पहले जरूरी हैं, उन्हें करना मुश्किल हो गया है। पंचायत स्तर पर अगर कोई विकास कार्य करना हों तो पंचायत में प्रस्ताव पास करने के बाद भी उस पर काम करना मुश्किल होता है।

### प्रदेश भर में 70 हजार काम उलझे-

उज्जैन सहित प्रदेश की 23 हजार से अधिक पंचायतों में करीब 70 हजार विकास कार्य नियमों में उलझकर रह गए हैं। करीब दस दिन पहले भोपाल में आयोजित एक विभागीय कार्यक्रम के बाद यह जानकारी सामने आई। इसमें ऐसे पूरे प्रदेश में करीब 70 हजार विकास कार्य शामिल हैं। इनमें छोटी पुलिया, गांव में सीसी रोड, तालाब और स्टॉप डेम शामिल हैं।

पंचायतों में अभी तीन तरह की रोक लगी है। पहली यह कि निर्माण के दौरान पंचायत में किसी भी तरह की मिट्टी, मुरम या रेत उठाने की अनुमति नहीं है। सरपंचों ने इसकी अनुमति मांगी है। वहीं 15वें वित्त आयोग में प्राप्त राशि में जो टायट यानी किसी काम विशेष के लिए राशि फिक्स कर दी है, उससे दूसरे काम कराने की अनुमति भी मांगी है। इसका मुख्य कारण है ज्यादातर पंचायतों में जल जीवन मिशन का काम चल रहा है और आयोग से मिली राशि भी नल-जल के लिए दी जा रही है। इसकी वजह से यह या तो लैप्स होती है या फिर इसे नल-जल में जबरिया में काम करना दिखाकर खर्च कर दिया जाता है। इसके साथ ही सरपंचों ने विभाग से मांग की है कि पंचायतों में बाहरी लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से की जाने वाली शिकायतों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने लिखा है कि ग्राम पंचायत का कोई व्यक्ति यदि शिकायत करता है तो कोई परेशानी नहीं, लेकिन बाहरी व्यक्ति की शिकायत बंद होनी चाहिए। विभाग के पास ऐसी करीब 50 हजार से अधिक शिकायत हैं, जो पंचायत से बाहर के व्यक्ति ने की है।

**नियमों के बदलाव से सभी नाखुश**-मप्र के सभी 55 जिला पंचायत और 313 जनपद पंचायत अध्यक्ष भी बदलावों से खफा है। यह बात हाल ही में तब सामने आई, जब पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने तीन दिवसीय आत्मनिर्भर पंचायत समृद्ध मध्य प्रदेश' कार्यक्रम आयोजित किया।

## खबर एक नजर...

### धर्मेंद्र सोलंकी को मध्य प्रदेश दल का कोच नियुक्ति किया गया

**उज्जैन।** 12 से 17 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हरसूदन उज्जैन की खिलाड़ी तनीषा शक्तावत का चयन हुआ है। तनीषा मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं तनीषा के कोच धर्मेंद्र सोलंकी को मध्य प्रदेश दल का कोच नियुक्त किया गया है। मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था प्रमुख धर्मेंद्र सोलंकी ने बतायाकि मध्य प्रदेश का दल 11 दिसंबर को लखनऊ के लिए भोपाल से रवाना होगा। दल में लगभग 65 खिलाड़ी एवं पांच कोचिंग स्टाफ है। मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं उपकरण के माध्यम से लगातार सहयोग किया जा रहा है। दर्पण फाउंडेशन लगभग 2 वर्षो से ग्रामीण प्रतिभाओं को खोज तैयार कर तैयार कर रहा है। मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खेलों के आयोजन कर प्रतिभाओं की खोज की जा रही है एवं उन्हें निरंतर मार्गदर्शन कर आगे बढ़ाया जा रहा है एवं खिलाड़ियों को विभिन्न प्रकार के जरूरी उपकरण संस्था द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### भोपाल की टीम ने परखीं शाजापुर जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं

**शाजापुर।** भोपाल से आई स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्यीय टीम ने मंगलवार को शाजापुर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और डॉक्टरों व अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण दल का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ संयुक्त संचालक (आशा कार्यक्रम) डॉ. राकेश बोहरे ने बताया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में पहले की अपेक्षा सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में हुए पिछले निरीक्षण के मुकाबले इस बार स्थिति बेहतर है। हालांकि, निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां भी सामने आईं, जिन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।

### शहर भर में दर्जनों दुकानें निर्माण का स्थल भी गजब का

# धूल-धुंए के दरमियान गजक का निर्माण

### न फूड लायसेंस की जरूरत न ही स्वच्छता के पालन का ध्यान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



न फूड लायसेंस लेना जरूरी समझा जा रहा है और न ही स्वच्छता के पालन का ध्यान रखा जा रहा है। धूल धक्कड के दरमियान ही गजक का निर्माण धडल्ले से हो रहा है और शौक से लोग इसे खरीदकर गुड और शक्कर का पूछ कर खा रहे हैं। शहर भर में दर्जनों दुकानें गजक की लगी है। इनमें खाद्य प्रशासन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर ही काम हो रहा है।

शहर में पिछले दिनों से गजक का व्यवसाय ठंड बढने के साथ ही चमक गया है। इस चमके हुए व्यवसाय में आम आदमी के लिए गजक का निर्माण कर बेचा जा रहा है। इस व्यवसाय में गजक निर्माण करने वाले अधिकांश कर्मचारी ग्वालियर संभाग के जिलों से आए हुए हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमों को दरकिनार करते हुए गजक का निर्माण किया जा रहा है। खास तो यह है कि इस मामले में अब तक न तो शहर में और न ही जिला स्तर पर कार्रवाई ही खाद्य प्रशासन विभाग ने अंजाम दी है और न ही गजक निर्माण में बरती जा रही लापरवाही पर ही लगाम लगाने के लिए ही कोई प्रयास ही किए गए हैं।

शहर भर में लगी दुकानों में से अधिकांश सडकों के पास ही लगी है। खुली दुकानों में गजक का निर्माण किया जा रहा है। जहां गुड एवं शक्कर की चासनी के साथ दुकानों के बाहर एवं अंदर ही गजक में उपयोग होने वाले तिल्ली की सिकाई एवं कुटाई की जा रही है। सडकों पर चलते वाहन एवं उनसे उडता धूल एवं धुंआ सब कुछ निर्माण स्थल तक आसानी से पहुंच रहा है। अत्यधिक व्यस्त मार्गो पर ही यह स्थिति देखी जा सकती है। बनी हुई गजक को भी हल्के तौर पर ही पन्नी से ढका जा रहा है उसे बंद बाक्स में भी नहीं रखा जा रहा है। निर्माण स्थल भी पुरी तरह से खुले हुए ही हैं। निर्माण स्थल पर धूल झधुंआ न पहुंचे इसके इंतजाम भी नहीं किए गए हैं।

इधर सामने आ रहा है कि अधिकांश गजक बेचने वालों के पास खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत लायसेंस भी नहीं हैं। इसके बावजूद गजक निर्माण का काम जमकर किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार खाद्य सामग्री के निर्माणकर्ता को लायसेंस लेना अनिवार्य है। इसके साथ ही नियमों के तहत निर्माण स्थल को धूल से मुक्त रखा जाना है।

-लायसेंस लेना सभी के लिए अनिवार्य है। गजक निर्माण करने वाले अधिकांश दुकानें सडकों के पास ही लगी है। इस मामले में जल्द ही दुकानदारों को बुलाकर समझाइश देते हुए धूल-धुंआ से मुक्त क्षेत्र में निर्माण के लिए समझाईश दी जाएगी। लायसेंस की जांच की जाएगी।

**-बसंत दत्त शर्मा, वरिष्ठ निरीक्षक,खाद्य प्रशासन , उज्जैन**

### तिब्बती का अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगर रोड स्थित पोताला तिब्बती शरणार्थी वुलन मार्केट के व्यापारियों द्वारा आज बुधवार 10 दिसंबर को दोपहर 2:00 तक व्यापार बंद कर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं धर्मगुरु दलाई लामा जी का करुणा वर्ष 2025-2026 मनाया जाएगा। सोनम लहजे ने बताया कि विश्व मे शांति के लिए सुबह 8:00 बजे पूजन किया जाएगा। तिब्बती आजादी के अग्रदूत परम पावन दलाई लामा जी को 1989 में विश्व शाति के लिए नोवल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसी अवसर पर प्रतिवर्ष सभी तिब्बतीयों द्वारा खुशी का उत्सव मनाया जाता है।धर्मगुरु की 90वर्ष की उम्र होने के उपलक्ष में करुणा और मानवता के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-2026 को करुणा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष बने नारायण यादव का किया अभिनंदन

उज्जैन। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई एवं समाजसेवी नारायण यादव को मध्यप्रदेश कुश्ती संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कुश्ती संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर है। प्रदेश महामंत्री रोहित मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के उपलक्ष्य में तिलकेश्वर गौशाला में वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया द्वारा निशान यादव के नेतृत्व में समाजसेवी नारायण यादव का पुष्पमाला पहनाकर एवं ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव ने गौशाला में सेवा कार्य कर संगठन के प्रति आभार व्यक्त कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

# मृतक के परिजनों का आरोप, पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि, फिर भी पुलिस बता रही हादसा, एसपी से की जांच अधिकारी बदलने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरोल में हुई एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हॉमीसाइडल (हत्या) बताया गया है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नही की जा रही है। नाराज मृतक के भाई ने मंगलवार को एसपी यशपाल सिंह राजपूत को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही, मामले के वर्तमान जांच अधिकारी को बदलने की मांग भी की है। ग्राम सिमरोल निवासी संजय सिंह मालवीय ने एसपी को सौंपे आवेदन में बताया कि उनके 28 वर्षीय छोटे भाई अशोक मालवीय को 15 नवंबर 2025 को जिला अस्पताल में मृत घोषित किया गया था। 16 नवंबर को उनका पोस्टमॉर्टम हुआ। 5 दिसंबर 2025 को मिली पीएम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि अशोक की मौत सामान्य नहीं थी, बल्कि उनकी हत्या की गई है।

### पुलिस पर गुमराह करने और राजनीतिक दबाव का आरोप

मृतक के भाई संजय ने सुंदरसी थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद भी पुलिस इसे बीमारी या दुर्घटना बता रही है। यहां तक कि पुलिस ने उन्हें मेडिक्लेम क्लेम करने की सलाह देकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। संजय ने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति पर परिवार को हत्या का शक है, उसका बड़ा भाई जिला पंचायत सदस्य है। इस कारण राजनीतिक रसूख के चलते पुलिस दबाव में काम कर रही है और अब तक मुख्य गवाहों के बयान भी दर्ज नहीं किए गए हैं।

### जांच अधिकारी बदलने की मांग

पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि वर्तमान जांच अधिकारी के रहते उन्हें न्याय नहीं मिल पाएगा। उन्होंने एसपी से मांग की है कि मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से करवाई जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित, सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी

### समाज के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न समितियों का हुआ गठन, नवीन पदाधिकारियों ने लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

स्थानीय नई सड़क स्थित सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला परिसर में श्री गोविंद माधव सहस्त्र औदीच्य सामाजिक संस्था समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष विजय आचार्य ने समाज की नई कार्यकारिणी में 40 सदस्यों की घोषणा करते हुए उन्हें दायित्व सौंपा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि एवं समाज के संरक्षक डॉ. एल.एन. व्यास, हरिनारायण शर्मा, राजेंद्र भट्ट, मिलन भट्ट, कृष्ण मुरारी शर्मा, इंदौर से विशेष रूप से आए महासभा के प्रत्याशी प्रवीण रावल द्वारा समाज के ईष्टदेव भगवान गोविंद-माधव के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। अतिथियों का मंचासीन होने के बाद समाजजनों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रवीण रावल ने समाज के आर्थिक और सामाजिक विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों से ही समाज को नई दिशा दी जा सकती है। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को पदभार पत्रक प्रदान किए गए। बैठक में अध्यक्ष विजय आचार्य द्वारा घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिवेदी, महेश शर्मा, मधुसूदन शर्मा को बनाया गया। वहीं समन्वयक देवेंद्र पाठक, सचिव, गोविंद भट्ट, सह-सचिव रितेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक भट्ट, प्रवक्ता हेमेंद्र व्यास, कार्यालय मंत्री जलज ठाकुर, विधि प्रकोष्ठ प्रफुल कुमार शर्मा, विधि सलाहकार रोहित भट्ट को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष भर आने वाले त्योहारों और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सामाजिक उत्सव समिति का भी गठन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रवीण शर्मा ने माना।

### बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो घायल

**शाजापुर।** सड़क हादसे में थर्ड जेंडर सहित दो लोग घायल हो गए। घटना सोमवार रात करीब 9.30 बजे की है, जब थर्ड जेंडर चाहत अपने साथी मनीष के साथ बाइक से सोनकच्छ से खुजनेर जा रहे थे।

# कलेक्टर रौशन कुमार सिंह बने राहवीर, सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की मदद की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रशासन संवेदनशीलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार दोपहर निरीक्षण के दौरान गाड़ी रोककर मुरलीपुरा रोड पर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद की और गंभीर घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में शासन द्वारा पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना लागू की गई है ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को 25,000/- रुपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के लिए यह योजना लागू की गई है।

कलेक्टर श्री सिंह निरीक्षण के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर राहवीर बने। यह कार्य कर उन्होंने नागरिकों को भी राहवीर बनने के लिए प्रेरित किया जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली नागरिकों की मृत्यु में कमी लाई जा सके।

## खबर एक नजर...

### जनसुनवाई में दिव्यांग देवेंद्र को मिली ई-ट्राईसाइकिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर अदिति गर्ग ने जनसुनवाई के दौरान संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अस्थि बाधित दिव्यांगदेवेंद्र चौहान को तुरंत ई-ट्राईसाइकिल प्रदान की जिससे उसे आवागमन में होने वाली दैनिक परेशानियों से राहत मिलेगी। स्थानीय किला रोड़ देवेन्द्र ने गत मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान मन से मंदसौर वेबसाइट के माध्यम से ई-ट्राईसाइकिल के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन पर कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। मन से मंदसौर वेबसाइट के माध्यम से दानदाता डॉ. कुणाल राठौर ने दिव्यांग श्री चौहान को ई-ट्राईसाइकिल दान करने का निर्णय लिया, जिसे आज विधिवत रूप से प्रदान किया गया।इस मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती गर्ग एवं अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 32 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आवेदन एवं शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया।

### वेन से टक्कर मारकर मृत्यु कारित करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा द्वारा मारूती वेन को तेजगती व लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक सायकल चालक को टक्कर मारकर उसकी मृत्यु कारित करने वाले आरोपी अनिल पिता भेरूलाल राठौर, निवासी-नगर पालिका कॉलोनी, जिला मन्दसौर को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत ०२ वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री अरविंद थापक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 8 वर्ष पूर्व दिनांक 14.04.2017 को सुबह के लगभग 6 बजे मनासा-कुकड़ेश्वर रोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास की हैं। घटना दिनांक को मृतक दिनेश खाती सायकल से उसके खेत की तरफ जा रहा था कि आरोपी उसकी मारूती वेन को तजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया तथा मृतक की सायकल को टक्कर मारते हुवे उसके उपर मारूती वेन चढा दी थी, जिससे की मौके पर ही दिनेश की मृत्यु हो गई थी। घटना स्थल पर उपस्थित लोगो ने डायल 100 को बुलाया तथा मृतक को अस्पताल पँहुचाया था। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में मर्ग कायम की गई तथा मर्गजाँच के उपरांत थाना मनासा में अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आवश्यक विवेचना के उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग-पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### लायंस क्लब के नेत्र-दंत परीक्षण शिविर में 150 बच्चों की हुई जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

लायंस क्लब मन्दसौर द्वारा च्छाओ खुशियाँ बाँटेंज्ञ पहल के अंतर्गत आयोजित नेत्र व दंत जांच शिविर में नूतन हाई सेकेंडरी स्कूल के लगभग 150 बच्चों की निःशुल्क जांच हुई।

शिविर में आंखों की जांच डॉ. मजहर हुसैन व दाँतों की जांच डॉ. रश्मि पमनानी ने की। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक प्रयासों से बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य बलजीत सिंह नारंग, सुरेंद्र नाहटा, डॉ. के सी श्रीमाल, सुनील बाफना, एड. गौरव रत्नावत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने किया, जबकि आभार क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने माना।

# स्कूल मैजिक वेन के खाई में गिरने से 6 विद्यार्थी घायल, पालकों ने किया स्कूल का घेराव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले के बड़ावदा में स्कूली बच्चों से भरी मैजिक सड़क से उतरकर खाई में पलट गई। मैजिक वैन बड़ावदा के प्राइवेट स्कूल की थी। जो कि स्कूल की छुट्?टी के बाद विद्यार्थियों को गांव छोडने जा रही थी। हादसे में कुछ बच्चे घायल हुए हैं। जिन्हें बड़ावदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, कुछ बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद जावरा रेफर किया है। घटना हादसा मंगलवार दोपहर करीब ३ बजे बड़ावदा से वीरपुरा के बीच सड़क मार्ग पर हुआ है।

हादसे की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण व बड़ावदा पुलिस भी मौके पर पहुंची। बच्चों को मैजिक से निकाल डायल 112 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहीं जेसीबी की मदद से मैजिक को निकालने की कोशिश की जा रही है। छात्रा मनीषा ने बताया मैजिक में करीब 25 बच्चे थे। ड्राइवर सही गाड़ी चला रहे थे। अचानक क्या हुआ, कैसे हुआ पता नहीं चला।

**जावरा में एएसपी पहुंचे**

हादसे की सूचना मिलने पर ग्रामीण एएसपी विवेक कुमार, जावरा एसडीएम सुनील जायसवाल समेत अन्य अधिकारी जावरा



अस्पताल में पहुंचे है। एएसपी विवेक कुमार ने बताया जावरा सिविल अस्पताल में 6 बच्चों व ड्रायवर को भर्ती कराया है। हादसे का कारण की जांच की जा रही है। घायलों में कक्षा 4 के राजवीर (10) पिता गिरिराज सिंह निवासी वीरपुरा, जिन्हें बाएं कंधे और सिर में अंदरूनी चोट आई है। कक्षा 3 की दिव्यांशी (8) पिता समरथ जाट निवासी वीरपुरा को ललाट और आंखों के बीच चोटें लगीं। कक्षा ९वीं की छात्रा निशा (15) पिता ओमप्रकाश जाट को नाक, ललाट और बाएं पैर में चोट आई है। वहीं कक्षा ९वीं की ही जयाकुंवर (15) पिता प्रेमसिंह राजपूत को होंठ और सिर में चोट लगी है। कक्षा 9वीं की मानसी कुंवर (14) पिता गिरिराज सिंह राज को सिर के पीछे और कमर पर चोट आई है। कक्षा 8वीं के छात्र चेतन (14) पिता समरथ चौधरी को सिर, गर्दन और दाहिने हाथ की कलाई में चोटें पहुंचीं। दुर्घटना में ड्राइवर मदन (45) पिता कनीराम निवासी बड़ावदा भी घायल हुए हैं, जिन्हें दाहिनी आंख, हाथ और पैर में चोट आई है।

**हादसे के बाद पेरेंट्स ने स्कूल का घेराव किया**

स्कूल का नाम डेस्टिनेशन पब्लिक स्कूल है। इसी स्कूल मैजिक आसपास के गांव वाले विद्यार्थियों को लेकर जा रही थी।हादसे के पालक आक्रोशित हो गए और स्कूल पहुंचकर हंगामा कर दिया।

### वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में दिल्ली पहुंचने का दिया निमंत्रण

**मल्हारगढ़।**अखिलभारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आव्हान पर चुनावो में होरही धांधलियों,ईवीएम में गड़बड़ी, वोटरलिस्ट में पात्र मतादाताओ के नाम काटने तथा इस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या करने के विरोध में 14 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे रामलीला मैदान दिल्ली में एक विशाल ₹वोट चोर गद्दी छोड़₹महारैली का आयोजन होने जारहा है इस महारैली को सफल बनाने को लेकर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कांग्रेसजनों को पीले चावल देकर दिल्ली महारैली में भाग लेने का निमंत्रण दिया।शर्मा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,मन्दसौर विधायक विपिन जैन,जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज राजानी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया के नेतृत्व में मल्हारगढ़ ब्लॉक से भी कांग्रेस जन दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे।शर्मा ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही रह गया है भाजपा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के बनाये गए संविधान को खत्म करना चाहती

## मंदसौर गौरव दिवस पर हुए देशभक्ति गीत संगीत कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा 8 दिसंबर को मंदसौर नगर के गौरव दिवस पर तेलिया तालाब परिसर में भव्य आतिशबाजी की व संस्कृति दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के स्कूली विद्यार्थियों ने मंच पर रंगमंचीय व देशभक्ति गीत एवं संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सम्राट यशोधर्मन की संक्षिप्त जानकारी देते हुए नंदकिशोर राठौर ने मंदसौर गौरव गान गाया जिसे सभी ने सराहा। सेंट कबीर स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। फेनी जैन ने बांसुरी वादन किया। वेलकम शब्द की थीम पर सेंट थॉमस स्कूल के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। महेश त्रिवेदी ने स्वच्छता की थीम पर डेंगू की बीमारी को रोकने के लिये क्या-क्या किया जाये इस पर मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। तेजकरण चौहान, लोकेन्द्र पाण्डे, हार्दिका दुबे, सिमरन बैलानी, नरेन्द्र सगोरी, संदीप चंदेल, स्वाति रिछावरा ने भी गीत प्रस्तुत किये। नंदकिशोर राठौर ने अपने द्वारा लिखित मंदसौर गौरव गान की तस्वीर भेंट की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने कहा कि गौरव दिवस, जिन महापुरूषों ने मंदसौर का गौरव बढ़ाया है उन्हें याद करने का सुनहरा अवसर है। पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि आगामी कार्यक्रम में मंदसौर का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का नपा सम्मान हो इस दिशा में कार्य करेगी तो मंदसौर का नाम और बड़ेगा।

स्वागत उद्बोधन देते हुए नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि नपा परिषद आगामी कार्यक्रमों में सम्मान का कार्यक्रम जरूरी करेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया विनित यादव ने भी अपने विचार रखे।

### बाधा उत्पन्न करने वाले आरोपी को 1 साल की सजा

**मंदसौर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नारायणगढ़ प्रतिभा सोलंकी द्वारा आरोपी माणकलाल (31) पिता ओंकारलाल निवासी नारायणगढ़ को नगर परिषद के कर्मचारी के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के अपराध में दोषी पाते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है। 27 जनवरी 2018 को फरियादी कैलाश, श्यामलाल, सुनील, विक्की, राकेश, विमल के द्वारा ग्राम नारायणगढ़ में नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाया जा रहा था।

## पशुपतिनाथ लोक का एक-एक इंच सुंदर और आकर्षक दिखाई दे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

पशुपतिनाथ लोक में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कलेक्टर अदिति गर्ग ने मध्यप्रदेश टूरिज्म के अधिकारियों के साथ करते हुए निर्देश दिये कि पशुपतिनाथ लोक का एक-एक इंच सुंदर और आकर्षक दिखाई दे, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए।उन्होंने बताया कि पशुपतिनाथ लोक के समस्त लोक निर्माण कार्य अंतिम चरण है, निकासी, वॉशिंग, लाइटिंग एवं फाइनल चेकिंग का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नीचे धरातल पर पानी के फ्लो को ध्यान में रखते हुए फर्श का कार्य किया जाए। प्लिंथ निर्माण एवं व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया तथा लोक निर्माण में रंगों में किसी भी प्रकार का अंतर न रहे, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पत्थरों को अच्छे से जोड़ा जाए एवं स्ट्रक्चर को इस प्रकार तैयार किया जाए कि हवा एवं पानी का कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

निरीक्षण के दौरान प्लांटेशन कार्य, हाई मास्ट लाइटिंग व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां अंधेरा है, वहां हाई मास्ट लाइट अनिवार्य रूप से लगाई जाए। इसके साथ ही रुद्राक्ष के स्ट्रक्चर, थिएटर, ऐतिहासिक दीवार, ड्रेनेज, पाइपलाइन एवं अन्य निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने परिसर में पड़े अनुपयोगी सामान को तत्काल हटाने, केमिकल ड्राय का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा बिजली से संबंधित शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री मनीष शर्मा पिता श्री भेरूलाल शर्मा, निवासी- 367/167, इंदिरा नगर, आगर रोड़, उज्जैन से उनके स्वत्व. स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड कमांक 284 स्थित महाश्वेतानगर योजना, उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 91.35 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में सड़क, पश्चिम में- भूखण्ड कमांक 279, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 1-ए बैंक कालोनी एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 283 मिला है तथा भूखण्ड कमांक 1-ए स्थित बैंक कालोनी, देवास रोड़, उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 120.51 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में कालोनी की सड़क, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 13. उत्तर में भूखण्ड कमांक 01 अभय भार्गव का एवं दक्षिण में- भूखण्ड कमांक 284 महाश्वेतानगर मिला है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त दोनों सम्पत्ति को कय कर अनुबंध पत्र संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विकय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, हक, अधिकार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विकय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 08-12-2025

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन (म०प्र०)**
**मो0 नं 70679-09621**



## कुमकुम भाग्य फेम जीशान खान का भयंकर एक्सीडेंट

### सड़क हादसे में बाल-बाल बचे एक्टर

बिग बॉस ओटीटी और टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य में नजर आ चुके एक्टर जीशान खान का एक्सीडेंट हो गया। गनीमत यह रही कि वह सुरक्षित हैं, लेकिन यह सड़क हादसा इतना भयंकर था कि उनकी कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बॉलीवुड बबल के मुताबिक, यह सड़क हादसा मुंबई के वसोर्वा में 8 दिसंबर को रात करीब 8:30 बजे हुआ। जीशान की काली कार कथित तौर पर एक ग्रे रंग की गाड़ी से आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी गंभीर थी कि उनकी कार के एयरबैग खुल गए। एक्टर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की या नहीं, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**कौन हैं जीशान खान-** बता दें, जीशान ने अपना अभिनय करियर 2015 में स्टार प्लस के शो कुछ तो है तेरे मेरे दरमियान से शुरू किया। इसके बाद उन्होंने सोनी टीवी के शो परवरिश सीजन 2 में काम किया। जी टीवी के शो कुमकुम भाग्य में जीशान ने आर्यन खन्ना का किरदार निभाया था।

वह शो में 2019 से 2021 तक नजर आए, जिससे उन्हें पहचान मिली। इसके अलावा, वह नागिन में भी नजर आ चुके हैं। वहीं, उन्होंने बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में भी कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री ली थी। जीशान म्यूजिक वीडियोज में भी काम कर चुके हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनका नाम अपने से 10 साल बड़ी ऑन-स्क्रीन मां रेहाना पंडित के साथ जुड़ा था।

### कनिका कपूर से लाइव कॉन्सर्ट में

## फैन ने की बदतमीजी



### स्टेज पर चढ़ पैरों से पकड़ा, वायरल वीडियो पर यूजर्स बोले- भारत में महिलाएं सुरक्षित नहीं


सिंगर कनिका कपूर रविवार की रात मेघालय के मी गॉन्ग फेस्टिवल में परफॉर्म कर रही थीं। उनकी परफॉर्मेंस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक फैन बीच परफॉर्मेंस उनसे बदसलूकी करने की कोशिश करता नजर आ रहा है।

सामने आए वीडियो में नजर आता है कि कनिका स्टेज पर काला चश्मा गाने पर पर परफॉर्मेंस दे रही हैं, तभी साइड से एक फैन स्टेज पर चढ़ जाता है। वो दौड़कर कनिका के पास जाता है और उन्हें पैरों से पकड़ गोद में उठाने की कोशिश करता है।

तभी स्टेज पर मौजूद सिक्योरिटी उस फैन को खींचकर अलग करती है। इन सबके बाद भी कनिका अपनी परफॉर्मेंस जारी रखती हैं। हालांकि, फैन के इस बिहेवियर से वो हैरान जरूर हो जाती हैं। कनिका के साथ फैन की इस बदसलूकी पर सोशल मीडिया यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वे इस हरकत की निंदा कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'भारत में, महिलाएं स्टेज पर भी इतने लोगों के सामने सुरक्षित नहीं हैं।' वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा- 'वो क्या करने की कोशिश कर रहा था? उसे उठाना, उसे मोलेस्ट करना, उसे गले लगाना, कोई रिस्पेक्ट नहीं, ऐसे लोगों को जेल भेज देना चाहिए।'



बता दें कि ये कोई पहली बार नहीं है कि किसी फैन ने सिंगर या एक्टर के साथ बदतमीजी की हो। हाल ही, में इंटरनेशनल सिंगर एकॉन इंडिया टूर पर थे। 9 नवंबर को दिल्ली से टूर की शुरूआत करने के बाद 14 नवंबर को एकॉन ने बेंगलुरु में परफॉर्मेंस दी थी, जिसका एक वीडियो सामने आया।



## रेखा ने एयरपोर्ट पर फैन को दिया धक्का


### महिला को सेल्फी देने से किया इनकार, यूजर्स बोले- जया बच्चन की तरह बिहेव करने लगीं

वेटरन एक्ट्रेस रेखा अक्सर अपने अंदाज और स्टाइल को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। लेकिन इस बार रेखा अपने एक फैन की वजह से चर्चा में आ गई हैं। दरअसल, हाल ही में रेखा को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान उनके साथ उनकी मैनेजर फरजाना भी मौजूद थीं। क्लिप में रेखा कैजुअल लुक में एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रही हैं। उन्होंने वाइट टॉप के साथ ब्लैक ट्राउजर और श्रग पहना था। साथ ही, उनकी मांग में सिंदूर भी नजर आ रहा है।

रेखा को सामने देख एक महिला फैन सेल्फी लेने के लिए फोन लेकर उनके पास पहुंच जाती है। रेखा अपनी उस महिला फैन को सेल्फी देने से मना करते हुए, धक्का दे आगे बढ़ जाती हैं। फिर वो तेजी से बाहर निकलती हैं और पैपराजी को स्माइल के साथ वेव्स करती हैं। अब रेखा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स रिएक्शन दे रहे हैं। कुछ ने उनकी तुलना जया बच्चन से करते हुए उन्हें जया बच्चन 2.0 बताया है। एक यूजर ने कमेंट में लिखा था-'जया बच्चन 2.0।' एक दूसरे यूजर ने टिप्पणी की- 'हे भगवान, आपने जया बच्चन की तरह अभिनय करना शुरू कर दिया।' एक अन्य ने लिखा- 'तो फिर जया और रेखा में क्या अंतर है?' बता दें कि रेखा हाल ही में सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित 2025 रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुईं। वो वहां पर 1981 में रिलीज हुई अपनी क्लासिक फिल्म उमराव जान स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। इस फिल्म को 4के वर्जन में रीस्टोर कर उसकी स्क्रीनिंग रखी गई थी।

## गौरव से ट्रॉफी हारने के बाद फूटा फरहाना का गुस्सा

### बोलीं- उसके अंदर विनर वाली कोई क्वालिटी नहीं थी, मेरे नसीब में जितना था, उतना मिला





बिग बॉस 19 का यह सीजन ड्रामा, भावनाओं और जबरदस्त गेमप्ले का संगम रहा। इस सीजन में अपनी सादगी, ईमानदारी और दमदार अंदाज से दर्शकों का दिल जीतने वाली फरहाना भट्ट ने फाइनल तक का सफर तय करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।



घर से बाहर आते ही फरहाना ने अपने अनुभवों, रिश्तों और शो के विजेता गौरव को लेकर खुलकर बात की। उनका कहना है कि वह गौरव में विनर जैसी कोई क्वालिटी नहीं देखतीं और अगर दर्शकों ने उन्हें न जिताया होता, तो शायद वह कभी यह ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर पाते।

**बिग बॉस से निकलकर क्या जल्द ही हम आपको 70 एमएम के बड़े पर्दे पर फिर से देखने वाले हैं-** बिल्कुल, मेरी तो हमेशा से यही इच्छा रही है कि मैं अच्छे लोगों और अच्छी टीम के साथ काम करूं। अभी मैं घर से बाहर आई हूं, माहौल और अवसरों को समझ रही हूं। देखते हैं कि आगे क्या-क्या ऑफर आते हैं और कौन-सा काम मेरे लिए सही रहेगा। उम्मीद है कि जल्द ही दर्शकों को मेरे नए प्रोजेक्ट्स देखने को मिलेंगे।

**क्या आपको इस बात का मलाल है कि ट्रॉफी के इतना पास पहुंचकर भी आप उसे नहीं जीत पाईं-** नहीं, बिल्कुल भी नहीं। मैं दुखी नहीं हूं, बल्कि बहुत खुश हूं कि दर्शकों ने मुझे इतना प्यार दिया। लोग कह रहे थे कि इस सीजन को मेरे नाम से जाना जाएगा इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है? जीतना मेरे नसीब में जितना लिखा था, उतना मैंने पा लिया है। मेरे लिए यह प्यार ही सबसे बड़ी जीत है।

**अचानक से आप बिग बॉस हाउस में इतनी शेरनी कैसे बन गईं-** जब मैं सीक्रेट रूम में गई और वहां से एक-एक कर सबकी असलियत दिखने लगी कि कौन मेरी पीठ पीछे क्या बात करता है, तब मुझे बहुत कुछ समझ आया। बसीर अमाल को मैं अपना दोस्त मानती थी, उनसे प्यार और इज्जत से बात करती थी, लेकिन उन्होंने मेरे बारे में जो बातें कहीं, उसमें कोई कसर नहीं छोड़ी। उन सबने मुझे और मजबूत बनाया और तभी मैंने ठान लिया कि अब मैं किसी के भी गलत व्यवहार को बिना जवाब दिए नहीं छोड़ूंगी। अमूमन लड़कियों की दोस्ती कम देखी जाती है।

**क्या आपकी और नेहल की दोस्ती बिग बॉस के बाहर भी देखने को मिलेगी-** नेहल के साथ मेरी बॉन्डिंग अच्छी थी, लेकिन शो के दौरान और अब बाहर आने के बाद कुछ बातें सामने आई हैं जिन पर मुझे क्लैरिटी चाहिए। मैं किसी भी रिश्ते को जल्दबाजी में आगे नहीं बढ़ाना चाहती। जब सारी बातें साफ होंगी, तभी पता चलेगा कि हमारी दोस्ती आगे चलेगी या नहीं।

**गौरव खन्ना की जीत पर आपका क्या कहना है? क्या आपको लगता है कि वह इस ट्रॉफी के असली हकदार थे-** मैं तो बस यही कह सकती हूं कि उन्हें उनकी जीत मुबारक। उन्हें उनकी ऑडियंस ने जिताया है, वरना शो में उन्होंने खुद ऐसा कुछ भी नहीं किया जिससे लगे कि वह ट्रॉफी डिजर्व करते हैं।

मैंने तो उनकी ट्रॉफी तक हाथ भी नहीं लगाया क्योंकि मुझे ऐसा लगा ही नहीं कि वो एक विनर की जगह पर खड़े हैं। उनके अंदर विनर वाली क्वालिटीज नहीं दिखीं। वो कोई स्टार मेटेरियल नहीं हैं, बस लोगों को नीचा दिखाने में माहिर हैं और यही उनका पूरा गेम था।

**तान्या से क्या आप बाहर कोई कॉन्टैक्ट रखेंगी या भविष्य में साथ काम करने की संभावना है-** तान्या मेरी दोस्त कभी थी ही नहीं, और ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि हम आगे एक-दूसरे के कॉन्टैक्ट में रहेंगे। 99 प्रतिशत चांस है कि हमारा अब कोई रिश्ता या जुड़ाव नहीं रहेगा।



## हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय, बुमराह ने विकेट की सेंचुरी लगाई

# भारत ने 101 रन से पहला टी-20 जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटक

भारत ने कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 में साउथ अफ्रीका को 101 रन से हरा दिया। टीम ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी की मदद से 20 ओवर में 175 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम सिर्फ 74 रन पर ऑलआउट हो गई। यह टी-20 में टीम का सबसे छोटा स्कोर भी रहा।

मुकाबला पूरी तरह हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा के नाम रहा। हार्दिक ने छक्का लगाकर टी-20क में अपने 100 छक्के पूरे किए, वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बने। वहीं जसप्रीत बुमराह ने अपने 100 टी-20क विकेट पूरे कर लिए, वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने।







- **हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय-** हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस रिकॉर्ड में रोहित शर्मा सबसे आगे हैं, जिनके नाम 205 सिक्स दर्ज हैं।
- **बुमराह टी-20 में 100 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय-** जसप्रीत बुमराह टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करके यह माइलस्टोन हासिल किया। बुमराह से पहले अर्शदीप सिंह इस उपलब्धि तक पहुंच चुके हैं।
- बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 100 विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन गए। उनसे पहले लसिथ मलिंगा, टिम साउदी, शाकिब अल हसन और शाहीन अफरीदी ही इस एलीट क्लब में शामिल थे।
- **अर्शदीप ने भुवनेश्वर की बराबरी की-** पहले टी-20 में 2 विकेट लेने के साथ ही अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए पावरप्ले (ओवर 1-6) में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली। उनके नाम अब 47 विकेट हो गए हैं।
- **तिलक वर्मा के एक हजार टी-20 रन पूरे-** तिलक वर्मा ने पहले टी-20 में शानदार छक्का लगाकर अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर में 1000 रन पूरे कर लिए। वे सबसे तेज इस मुकाम पर पहुंचने वाले भारत के 5वें बल्लेबाज बने। तिलक ने यह उपलब्धि सिर्फ 34 पारियों में हासिल की। इस मामले में विराट कोहली 27 पारियों के साथ पहले और अभिषेक शर्मा 28 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।
- **साउथ अफ्रीका का टी-20 क्रिकेट में लोएस्ट स्कोर-** भारत के खिलाफ सिर्फ 74 रन पर ऑलआउट होकर साउथ अफ्रीका ने अपने टी-20 इतिहास का सबसे कम स्कोर बनाया। इससे पहले उनका न्यूनतम स्कोर 87 रन था, जो भारत के खिलाफ ही राजकोट में बना था। कटक के स्टेडियम में साउथ अफ्रीका को पहली बार ही भारत के खिलाफ टी-20 में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले टीम 2 टी-20 जीत चुकी थी।
- **साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत की घर में सबसे बड़ी जीत-** भारत ने साउथ अफ्रीका को 101 रन से हराकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। रनों के अंतर से यह भारत की साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर सबसे बड़ी टी-20 जीत रही। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के नाम ही था, जब 2022 में राजकोट में भारत ने साउथ अफ्रीका को 82 रन से हराया था।

## श्रीलंका सीरीज के लिए भारत की विमेंस टी-20 टीम अनाउंस



### 21 से 30 दिसंबर तक 5 मुकाबले, जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को मौका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज के लिए भारत की विमेंस टीम रिलीज हो चुकी है। बीसीसीआई विमेंस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। हरमनप्रीत कौर ही टीम की कप्तान और स्मृति मंधाना उप कप्तान रहेंगी। स्पिनर वैष्णवी शर्मा और विकेटकीपर जी कमलिनी को पहली बार टीम इंडिया में मौका मिला।

भारत और श्रीलंका के बीच 5 मैचों की सीरीज 21 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर तक चलेगी। शुरूआती 2 मुकाबले विशाखापट्टनम और बाकी 3 मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

भारत का स्क्वॉड हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रॉड्रिग्ज, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

बांग्लादेश की जगह श्रीलंका से खेल रहे टीम इंडिया की यह सीरीज पहले बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली थी, लेकिन उस सीरीज को कैंसिल कर दिया गया। बांग्लादेश की जगह ही श्रीलंका के खिलाफ सीरीज प्लान की गई। वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद पहली सीरीज वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद यह इंडिया विमेंस की पहली क्रिकेट सीरीज है। भारत ने इसी साल 2 नवंबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल जीतकर पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीती थी।

## जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप

# सेमीफाइनल में भारत 1-5 से हारा, जर्मनी फाइनल में



### अब 10 दिसंबर को अर्जेंटीना से ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चेन्नई के मेयर आर.आर. स्टेडियम में रविवार को खेले गए मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जर्मनी ने भारत को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

मैच दुनिया की नंबर-1 और नंबर-2 जूनियर टीमों के बीच था, लेकिन खेल में जर्मनी ने शुरूआत से अंत तक बढ़त बनाए रखी। अब भारत 10 दिसंबर को ब्रॉन्ज मेडल के लिए अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

जर्मनी ने शुरूआती 13 मिनट बाद बढ़त बनाई मैच की शुरूआत में भारत ने कुछ समय तक मजबूती दिखाई। गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने शुरूआती मिनटों में तीन अहम सेव किए। 13वें मिनट में जर्मनी को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। ड्रैग फ्लिक भारतीय खिलाड़ी अंकित पाल से टकराने के बाद अंपायर ने पेनल्टी स्ट्रोक दिया, जिसे लुकास कोसेल ने गोल में बदलकर जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिर्फ 68 सेकंड बाद टाइटस वेक्स का शॉट भारतीय डिफेंडर सुनील पालक्षप्पा के पैर से लगकर गोल में चला गया और स्कोर 2-0 हो गया। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में मैच जर्मनी के पक्ष में झुक गया दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही कोसेल ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त 3-0 कर दी। तीसरे क्वार्टर में जोनास वॉन गर्सम और बेन हासबाख ने दो और गोल दागे, जिसके बाद स्कोर 5-0 हो गया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में एक गोल किया चौथे क्वार्टर में लगभग 10 मिनट शेष रहते भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। अनमोल एक्का ने इसे गोल में बदलते हुए भारत के लिए एकमात्र गोल किया। मुकाबला भारत की 1-5 से हार के साथ समाप्त हुआ।

## अजिंक्य रहाणे ने 95 रनों की तूफानी पारी खेली



### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई जीती, आंध्र प्रदेश के साथ अगले दौर में पहुंची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप-ए से डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई और आंध्र प्रदेश पहले ही अगले दौर में अपना स्थान बना चुकी हैं। सोमवार को ग्रुप-ए के अंतिम लीग मैच के दौरान स्टार खिलाड़ी नदारद रहे। मुंबई टीम के स्टार सूर्य कुमार यादव और आयुष म्हात्रे सहित कई दिग्गज खिलाड़ी मुकाबले के दौरान यहां नजर नहीं आए। केरल के स्टार संजू सैमसन भी आज मुकाबले के दौरान नहीं दिखे। आयोजकों के अनुसार सूर्य कुमार यादव भारतीय टी-20 टीम के साथ जुड़ गए हैं। अन्य खिलाड़ी भी अन्य मुकाबलों के लिए रवाना हो गए। आज खेले गए मुकाबलों में गत चैंपियन मुंबई ने अजिंक्य रहाणे (नाबाद 95) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत ओडिशा को नौ विकेट से पराजित किया।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर।
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## क्रेमलिन का बयान

# भारत उन स्रोतों से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र जिन्हें वह लाभकारी मानता है



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रूस की ओर से एक बयान में कहा गया है कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और वह उन स्रोतों से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है जिन्हें वह लाभकारी मानता है। रूसी राष्ट्रपति के भारत दौरे के ठीक बयान क्रेमलिन की ओर से यह बयान काफी अहम है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। क्रेमलिन ने सोमवार को कहा कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और वह उन स्रोतों से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है जिन्हें वह लाभकारी मानता है। साथ ही, उसने विश्वास जताया कि नई दिल्ली अपने आर्थिक हितों को सुनिश्चित करने की नीति पर कायम रहेगा।

6 अगस्त को अमेरिका ने रूस से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। अगस्त के अंत में, भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के आयात पर अमेरिकी शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पिछले शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई शिखर वार्ता के बाद संवाददाताओं से कहा, भारत एक संप्रभु राष्ट्र होने के नाते, विदेशी व्यापार करता है और ऊर्जा संसाधन खरीदता है, जहां यह उसके लिए लाभदायक हो।

प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी वार्ता के बाद बोलते हुए रूसी नेता ने आश्वासन दिया कि मास्को भारत का विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बना रहेगा। जब पेस्कोव से पूछा गया कि क्या नई दिल्ली मास्को से ईंधन खरीदना जारी रखेगी, तो उन्होंने कहा, और, जहां तक हम समझते हैं, हमारे भारतीय साझेदार अपने आर्थिक हितों को सुनिश्चित करने के लिए इस दिशा में काम जारी रखेंगे।

## अमेरिकी निर्यात में आई में 29 फीसदी की गिरावट

# चीन का निर्यात नवंबर में 5.9% बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नवंबर में चीन के कुल निर्यात में 5.9% की वृद्धि दर्ज की गई, जो 330.3 अरब डॉलर रहा और पिछले महीने की गिरावट से बेहतर रहा। हालांकि अमेरिका को निर्यात में लगभग 29% की तीखी गिरावट बनी हुई है, जो लगातार आठवें महीने दोहरे अंकों में कमी दशार्ती है।

चीन के निर्यात में नवंबर में वृद्धि दर्ज हुई है। वहीं पिछले महीने इसमें अप्रत्याशित गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि अमेरिका को निर्यात में एक साल पहले की तुलना में लगभग 29 प्रतिशत की गिरावट आई। यह लगातार आठवें महीने दोहरे अंकों में गिरावट का संकेत है।

सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में चीन से कुल निर्यात डॉलर के लिहाज से पिछले साल की तुलना में 5.9% अधिक रहा। यह 330.3 अरब डॉलर दर्ज किया गया, जो अर्थशास्त्रियों के अनुमान से बेहतर है। यह अक्टूबर में हुई 1.1% की गिरावट से बेहतर है।

वहीं चीन से अमेरिका को निर्यात में वर्ष के अधिकांश समय गिरावट आई है, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सहित अन्य गंतव्यों को निर्यात में वृद्धि हुई है। नवंबर में चीन के आयात में 1.9% की वृद्धि हुई, जो अक्टूबर की 1% वृद्धि से बेहतर है। हालांकि संपत्ति क्षेत्र में लगातार मंदी अभी भी उपभोक्ता खर्च और व्यावसायिक निवेश पर दबाव डाल रही है।

**ट्रंप और शी की मुलाकात में एक साल के लिए व्यापार युद्धविराम पर सहमति बनी–** अक्तूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और चीनी नेता शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में चीन और अमेरिका के बीच एक साल के लिए व्यापार युद्धविराम पर सहमति बनी। अमेरिका ने चीन पर अपने शुल्क कम कर दिए हैं, और चीन ने दुर्लभ मृदा खनिजों से संबंधित अपने निर्यात नियंत्रणों को समाप्त करने का वादा किया है।

**चीन का अगले पांच वर्षों के लिए उन्नत विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का लक्ष्य–** निर्यात अभी भी मजबूत बना हुआ है, इसलिए अर्थशास्त्रियों को आमतौर पर उम्मीद है कि चीन इस वर्ष लगभग 5% की आर्थिक वृद्धि दर के अपने लक्ष्य को कमोबेश पूरा कर लेगा। अक्तबूर में एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद, चीनी नेताओं ने अगले पांच वर्षों के लिए उन्नत विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की रूपरेखा तैयार की थी। इस महीने होने वाली वार्षिक आर्थिक योजना बैठक में इन योजनाओं के विवरण पर प्रकाश डालने की उम्मीद है।

बीएनपी पारिबा एसेट मैनेजमेंट के वैश्विक बाजार रणनीतिकार ची लो ने कहा कि स्थिर वैश्विक व्यापार वातावरण लंबे समय तक बने रहने की संभावना नहीं है, क्योंकि चीन-अमेरिका संबंध अस्थायी व्यापार समझौते के बावजूद गतिरोध में बने हुए हैं। फिर भी, कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आने वाले वर्षों में चीन निर्यात बाजार में हिस्सेदारी हासिल करना जारी रखेगा।



### क्या है विशेषज्ञों की राय?

आईएनजी बैंक की अर्थशास्त्री लिन सॉन्ग और दीपाली भार्गव ने एक रिपोर्ट में चीन के निर्यात को लेकर सकारात्मक संकेतों के बीच वैश्विक व्यापार गतिविधि में सुस्ती का खतरा बरकरार है। आईएनजी बैंक के अर्थशास्त्रियों लिन सॉन्ग और दीपाली भार्गव ने एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौता और अमेरिकी टैरिफ में कटौती से चीन को फायदा होना चाहिए, लेकिन पिछले साल निर्यात में तेज बढ़त होने की वजह से इस साल की वृद्धि कम दिख सकती है। इसे बेस इफेक्ट कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद टैरिफ बढ़ोतरी से पहले चीन के निर्यात में काफी तेजी आई थी। इसी कारण अब आंकड़े उतनी तेजी नहीं दिखा सकते, जिससे व्यापार वृद्धि मामूली रह सकती है।

### चीन की कारखाना गतिविधि में लगातार आठवें महीने गिरावट हुई

पिछले महीने, एक आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार, चीन की कारखाना गतिविधि में लगातार आठवें महीने संकुचन हुआ, क्योंकि अर्थशास्त्रियों ने कहा कि यह निर्धारित करना अभी भी जल्दबाजी होगी कि अमेरिका–चीन व्यापार समझौते के बाद बाहरी मांग में वास्तविक उछाल आया है या नहीं।

## गोयल बोले- पूरी निष्ठा से कर रहे काम

# भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता जल्द पूरा हाने की उम्मीद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते के जल्द पूरा हाने की उम्मीद जताई हैं। उन्होंने इस पर कहा कि दोनों पक्ष पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं क्योंकि ऐसा समझौता एकतरफा नहीं हो सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और यूरोपीय संघ समग्र तथा संतुलित मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। ऐसा समझौता एकतरफा नहीं हो सकता है। सभी दौर की बातचीत में दोनों पक्षों के हितों के बारे में चर्चा होती है, जिससे समझौता निष्पक्ष और संतुलित रह सके।

**ईयू के व्यापार आयुक्त के साथ मंत्री ने की चर्चा–** मंत्री ने सोमवार को नई दिल्ली में यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द अंतिम रूप देने के लिए चर्चा की। मारोस व्यापार वार्ता के लिए यूरोपीय संघ के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि यह बैठक निर्णायक रही है। हमने वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने के तरीकों पर विचार–विमर्श किया।

**'एफटीए की दिशा में निरंतर सहयोग की आशा'–** उन्होंने कहा कि पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए की दिशा में निरंतर सहयोग की आशा है। दरअसल, कुछ क्षेत्रों में अब भी मतभेद हैं। इनमें इस्पात, कार्बन कर, ऑटोमोबाइल और गैर–टैरिफ बाधाएं शामिल हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। ईयू विशेष रूप से भारत में ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरणों, शराब, स्पिरिट्स और मांस जैसे उत्पादों पर शुल्क कटौती चाहता है।

## डिजिटल स्टाम्प अनिवार्य और डिपॉजिट दो महीने तक

# नई सीमाओं के साथ किराए में बड़ा बदलाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में किराये के नियमों में बड़ा बदलाव आया है। सरकार ने नया किराया समझौता 2025 लागू किया है, जिससे मकान मालिक और किरायेदार के बीच झगड़े कम होंगे। अब सभी रेंट एग्रीमेंट को दो महीने के अंदर डिजिटल स्टाम्प कराना अनिवार्य होगा, नहीं तो 5,000 रुपये जुर्माना लगेगा।

भारत में घर किराये पर लेने का मतलब होता था अनौपचारिक नियमों, असंगत समझौतों और अचानक आए झटकों से निपटना, लेकिन अब किराये के नियमों में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। सरकार ने न्यू रेंट एग्रीमेंट 2025 को लागू कर दिया है। इसका मकसद किराये के कॉन्ट्रैक्ट को आसान बनाना, मकान मालिक और किरायेदार के बीच के झगड़ों को कम करना और इस अनौपचारिक, लेकिन तेजी से बढ़ते मार्केट में एक जैसे नियम लागू करना है।

इस सुधार का सबसे अहम हिस्सा यह है कि अब सभी किराये के समझौतों (रेंट एग्रीमेंट) को हस्ताक्षर करने की तारीख से दो महीने के अंदर डिजिटल स्टाम्प कराना जरूरी होगा। ऐसा न करने पर 5,000 रुपये का जुमार्ना लगेगा। यह नियम उन मौखिक या बिना रजिस्टर्ड समझौतों को कम करेगा, जिनके कारण अक्सर कानूनी झगड़े होते हैं।

सिक्योरिटी डिपॉजिट की सीमा तय की गई है, जो बड़े शहरों में किरायेदारों के लिए हमेशा ही एक बड़ी परेशानी रही है। नए नियमों के तहत, रिहायशी संपत्तियों के लिए डिपॉजिट की सीमा सिर्फ दो महीने के किराये तक सीमित होगी। पहले यह छह से 10 महीने के किराये के बराबर होती थी। यह किरायेदारों के लिए बहुत बड़ी राहत है और वैश्विक किरायेदारी मानकों की ओर एक कदम है। किराये में संशोधन या वृद्धि अब साल में सिर्फ एक बार ही किया जा सकता है, और इसके लिए मकान मालिकों को 90 दिन का नोटिस देना जरूरी होगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अचानक साल के बीच में होने वाली बढ़ोतरी के झटके से सुरक्षा मिलेगी। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा...5,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक का कोई भी किराया डिजिटल रूप से (यूपीआई, बैंक ट्रांसफर) ही देना होगा। यह दोनों पक्षों को सुरक्षा प्रदान करेगा और एक स्वच्छ डिजिटल रिकॉर्ड बनेगा।




### स्टैंडर्ड रेंट एग्रीमेंट...ऊंचे किराये पर टीडीएस

एक समान किराये समझौता प्रारूप जारी। समझौते में कोई छिपी हुई लाइनें, कोई अजीब क्लॉज या कोई अतिरिक्त नियम नहीं होगा। सब कुछ स्पष्ट तौर पर लिखा होगा। 50,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक किराये पर टीडीएस लगेगा। यह नियम प्रीमियम सेगमेंट को मौजूदा टैक्स नियमों के दायरे में लाएगा और भविष्य में कर विभाग के साथ होने वाले विवादों से बचाएगा।

### इन सुधारों का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा

डिपॉजिट की सीमा तय होने, डिजिटल भुगतान अनिवार्य बनने और समझौतों के मानकीकृत होने से लाखों लोगों के लिए घर किराये पर लेना अधिक सुलभ होगा और विवाद भी कम होंगे।

**- गौतम प्रसाद,
एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट**

## यूट्यूब के भविष्य को नई दिशा देने की तैयारी

# भारतीय मूल के नील मोहन बने टाईम के सीईओ ऑफ द ईयर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

टाइम मैगजीन ने यूट्यूब के भारतीय मूल के सीईओ नील मोहन को 2025 का उएड ऑफ द ईयर चुना। मोहन की शांत नेतृत्व शैली, कंटेंट मॉडरेशन नीति और वैश्विक डिजिटल संस्कृति पर उनके प्रभाव को खास मान्यता मिली।

यूट्यूब के भारतीय मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नील मोहन को टाइम मैगजीन ने 2025 का सीईओ ऑफ द ईयर चुना है। दुनिया के सबसे प्रभावशाली डिजिटल प्लेटफॉर्म्स में से एक का नेतृत्व करने के लिए मोहन की दूरदर्शिता और प्रभाव को टाइम ने विशेष रूप से सराहा है। टाइम ने अपनी प्रोफाइल में लिखा यूट्यूब आज दुनिया की सांस्कृतिक पसंद तय कर रहा है। नील मोहन इस विशाल खेत के किसान की तरह हैं जो वे उगाते हैं, वही दुनिया उपभोग करती है।

मैगजीन ने यूट्यूब को वैश्विक विचारों और रुझानों का उपजाऊ मैदान बताया, जहां हर कोई अपना कंटेंट बोता है, चाहे वह ज्ञानवर्धक हो या विवादित। रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे यूट्यूब का प्रभाव दुनिया भर में बढ़ रहा है, उसकी दिशा और नीतियों को तय करने में मोहन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

टाइम ने मजाकिया अंदाज में लिखा दुनिया की सबसे ताकतवर डिस्ट्रैक्शन मशीन के पायलट नील मोहन आश्चर्यजनक रूप से शांत स्वभाव के हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वह खेल देखना, अपनी बेटियों के डांस रेसाइटल में शामिल होना और साधारण लाइफस्टाइल पसंद करते हैं। टाइम ने कहा कि अगर उन्हें किसी वीडियो में आने के लिए कहा जाए, तो वह शायद मना नहीं करेंगे, न बहुत अच्छे, न बहुत खराब। नील मोहन मीडिया इंडस्ट्री में तेजी से हो रहे बदलावों को लेकर हमेशा सजग रहते हैं। उनके शब्दों में मीडिया इंडस्ट्री हमारे सामने बदल रही है। यह अत्यधिक विघटनकारी समय है और अगर आप बदलाव के साथ नहीं चलते, तो पीछे रह जाते हैं। यूट्यूब की नीतियों पर उन्होंने कहा कंटेंट मॉडरेशन का मेरा मूल सिद्धांत है हर किसी को अपनी आवाज देने का अवसर।

# गोवा क्लब अग्निकांड- चेन के दूसरे क्लब पर बुलडोजर चला
# थाईलैंड भागे दोनों मालिक, इंटरपोल से ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गोवा के अरपोरा गांव में बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में 6 दिसंबर की देर रात लगी आग के बाद मंगलवार को चेन के दूसरे क्लब पर प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई की। गोवा के उट प्रमोद सावंत ने वागाटोर में सौरभ और गौरव लूथरा की रोमियो लेन बीच शैक को गिराने का आदेश दिया था।

गोवा टूरिज्म के डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि हम बीच की तरफ से अतिक्रमण हटा देंगे। उन्होंने बताया कि गिराया जाने वाला कुल एरिया 198 स्क्वैयर मीटर है। वहीं इस अग्निकांड के के कुछ घंटे बाद ही क्लब के दोनों मालिक सौरभ और गौरव लूथरा थाईलैंड भाग गए। पुलिस ने हादसे के बाद ऋक्र दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की थी।

7 दिसंबर को दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया, लेकिन इमिग्रेशन रिकॉर्ड से पता चला कि वे इंडिगो फ्लाइट 6E 1073 से देश छोड़ चुके थे। पुलिस के मुताबिक दोनों 7 दिसंबर की सुबह 5:30 बजे ही इंडिगो की फ्लाइट से फुकेट रवाना हो गए। गोवा पुलिस ने सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ इंटरपोल ब्लू नोटिस जारी कर दिया है। इस बीच थाईलैंड से गौरव लूथरा की एक तस्वीर भी सामने आई है।

इधर, जमीन के असली मालिक प्रदीप घाडी अमोनकर ने न्यूज एजेंसी ढळक से कहा कि क्लब नमक के खेतों पर अवैध रूप से बनाया गया था। यह मामला 20 साल से कोर्ट में चल रहा है।

पणजी से 25' दूर बने क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में नाइट क्लब के 20 कर्मचारी और 5 टूरिस्ट शामिल हैं।

पुलिस ने क्लब के ऑपरेशनल स्टाफ भारत कोहली को दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड पर गिरफ्तार किया है। इसके अलावा चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोडक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया और गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर को भी गिरफ्तार किया गया है।



## किचन तक पहुंची आग, सीढ़ियों पर मिले शव

हादसे के बाद इंस्टाग्राम पर रोमियो लेन के मालिक सौरभ लूथरा की पहली प्रतिक्रिया सामने आई। ओनर ने इंस्टाग्राम पर लिखा- मैनेजमेंट ने बहुत दुख जताया है और बर्च में जान-माल की दुखद क्षति से बहुत दुखी है। उन्होंने आगे लिखा कंपनी की तरफ से हर तरह की मदद, सपोर्ट और सहयोग की कोशिश की जाएगी। इस दुख की घड़ी में, मैनेजमेंट मृतकों और घायलों के परिवारों के साथ पूरी तरह से खड़ा है। गोवा के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब के कर्मचारी थे।

# शाह बोले-वंदे मातरम का विरोध गांधी परिवार के खून में

## नेहरू ने 1937 में 2 हिस्सों में बांटा; गीत न बंटता तो देश भी न बंटता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर मंगलवार को चर्चा हुई। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने 1937 में वंदे मातरम के केवल दो अंतरों को मान्यता दी थी। यहीं से देश में तुष्टीकरण की राजनीति शुरू हुई। शाह ने कहा, इस तरह के फैसलों ने आगे चलकर देश के विभाजन का रास्ता तैयार किया। अगर उस समय पूरा वंदे मातरम स्वीकार किया जाता तो शायद भारत का विभाजन न होता। शाह ने संबोधन में कहा- जब वंदे मातरम 100 साल का हुआ, पूरे देश को बंदी बना दिया गया। जब 150 साल पर कल सदन (लोकसभा) में चर्चा शुरू हुई, गांधी परिवार के दोनों सदस्य (राहुल-प्रियंका) नदारद थे। वंदे मातरम का विरोध नेहरू से लेकर आज तक गांधी परिवार के खून में है।

दरअसल राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के मौके पर भारत सरकार की ओर से सालभर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में 8 दिसंबर को लोकसभा और 8 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा की गई।

### शाह बोले- वंदे मातरम पर चर्चा चुनाव से जुड़ी नहीं

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो लोग वंदे मातरम के महत्व को नहीं जानते वे इसे चुनाव से जोड़ रहे हैं। शाह के बयान को प्रियंका गांधी के बयान से जोड़ कर देखा जा रहा है।

दरअसल एक दिन पहले लोकसभा में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा था- वंदे मातरम गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं।

### खड़गे बोले- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सिर्फ नेहरू को क्यों निशाना बनाते हैं?

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- नेहरू जी, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र, सरदार पटेल, गोविंद वल्लभ पंत सहित कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें सिफारिश की गई थी कि राष्ट्रीय समारोहों में जहां भी वंदे मातरम गाया जाता है, केवल पहले दो स्टेंजा ही गाए जाने चाहिए। क्या कांग्रेस कार्यसमिति में नेहरू जी अकेले थे? आप उन सभी बड़े नेताओं का अपमान कर रहे हैं जिन्होंने सामूहिक फैसला लिया था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री नेहरू जी को क्यों निशाना बनाते हैं? नड्डा ने खड़गे को टोका। नड्डा ने कहा- आज वंदे मातरम पर चर्चा हो रही है, तो उस पर कीजिए। आप दूसरे मुद्दे उठा रहे हैं। ये डिबेट का तरीका नहीं है।

खड़गे ने कहा- रुपये के गिरते स्तर पर मोदी ने 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से कहा था कि देश जानना चाहता है कि ऐसा क्या कारण है कि सिर्फ भारत का रुपया डॉलर के मुकाबले गिरता ही चला गया, गिरता ही चला गया। ये सिर्फ आर्थिक कारणों से नहीं हुआ। ये आपकी भ्रष्ट राजनीति के कारण हुआ।

खड़गे ने आगे कहा- मैं पूछता हूं कि क्या आपके साथ भी ऐसा ही हुआ। क्या आप भी भ्रष्ट हैं। आपकी सरकार की हालत को उससे भी बदतर हो गई है। उसे समय 55-60 रुपए था। आज 100 रुपए हो गया। जैसे हिमालय से गिरने के बाद लोगों के शव के टुकड़े नहीं मिलते, वैसे ही आज भारतीय रुपए की स्थिति हो गई है। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वंदे मातरम पर अपनी स्पीच शुरू की।

# मोदी बोले- 30-40 पेज के फॉर्म न भरवाएं, मंत्रियों से कहा- फालतू पेपरवर्क खत्म करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि मैं फालतू पेपरवर्क और 30-40 पेज के फॉर्म का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। हमें नागरिकों के दरवाजे पर सर्विस देनी होगी, बार-बार डेटा जमा करने की जरूरत को खत्म करना होगा।'

उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें असुविधा नहीं होनी चाहिए। नियम और कानून अच्छे हैं, लेकिन सिस्टम को ठीक करने के लिए लोगों को परेशान करना सही नहीं है। पीएम ने यह बात संसद की लाइब्रेरी बिल्डिंग की संसदीय दल की बैठक में मंत्रियों और सांसदों से कही। बिहार विधानसभा चुनाव में ठळअ की जीत पर प्रधानमंत्री का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार जीत के शिल्पकार हैं।



# 2036 तक 7 में से 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा, केंद्र बोला- देश की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। 2011 में देश में 60 साल से ऊपर की आबादी 10.16 करोड़ थी, जो 2036 तक बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी। यानी बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा कुल जनसंख्या में 8.4% से बढ़कर 14.9% हो जाएगा यानी हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा। वहीं, 2036 तक अनुमानित जनसंख्या 153 करोड़ होगी। ये जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, उसके सामने स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता और डिजिटल सुविधाओं का उपयोग जैसी चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। सरकार ने माना है कि देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से परिवारों का ढांचा और रिश्तों का तरीका भी बदल रहा है। पहले ज्यादातर लोग संयुक्त परिवार में रहते थे, जहां बुजुर्गों की देखभाल सब मिलकर करते थे। अब छोटे परिवार बढ़ रहे हैं, जिससे बुजुर्गों की देखभाल का तरीका भी बदल गया है और उनकी जिम्मेदारी कम लोगों पर आ गई है। नई रिपोर्टों में इसे ह्वविरोधाभासह्व कहा गया है, यानि बुजुर्गों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन समाज की सोच, जिम्मेदारी और उनकी देखभाल को लेकर उम्मीदें पहले जैसी नहीं रहीं।

## एक्टर विजय की रैली में बंदूक लेकर पहुंचा व्यक्तिःमहिलाएं बैरिकेड फांदकर घुसीं;

# करूर भगदड़ में 41 लोगों की मौतें हुई थी, उसके बाद पहली जनसभा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तमिलगा वेत्री कझगम चीफ और एक्टर विजय ने मंगलवार को पुडुचेरी स्थित उप्पलम के एक्सपो ग्राउंड (न्यू पोर्ट) में विशाल रैली की। इस दौरान तमिलनाडु के एक व्यक्ति ने बंदूक लेकर घुसने की कोशिश की, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

व्यक्ति ने दावा किया कि उसके पास लाइसेंसी रिवॉल्वर है। इसने बताया कि वह एक निजी सुरक्षा अधिकारी है, लेकिन समय पर नहीं पहुंचने के कारण अपनी टीम के साथ नहीं जा पाया। जब पत्रकारों ने पूछा कि वह किसे सुरक्षा दे रहा है, तो व्यक्ति ने कोई जवाब नहीं दिया। दूसरी तरफ, एक्टर विजय की रैली में भीड़ बेकाबू हो गई। रैली में सिर्फ 5,000 लोगों की एंट्री की अनुमति दी गई थी। लेकिन, बड़ी संख्या में लोग रैली स्थल पर पहुंच गए। युवक-युवतियां और महिलाएं बैरिकेड फांदकर अंदर घुस गए। लोग विजय की एक झलक पाने के लिए पास के पेड़ों पर भी चढ़ गए। भीड़ काबू करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। 27 सितंबर को करूर में ळश्ङ की रैली में भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई थी। भगदड़ के बाद विजय की यह पहली जनसभा थी।तमिलनाडु सरकार ने विजय को रैलियां निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।



पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया व्यक्ति तमिलनाडु के शिवगंगा जिले का रहने वाला है और खुद को किसी नेता या श्क्ढ का पर्सनल सिक्योरिटी स्टाफ बता रहा था। उसने बताया कि वह देर से पहुंचा और उसके पास लाइसेंसी रिवॉल्वर थी, लेकिन वह यह बताने से लगातार बचता रहा कि वह किसकी सुरक्षा के लिए आया था। रूटीन फ्रिस्किंग के दौरान उसकी कमर पर लगे होल्स्टर में हथियार देखकर पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया।

### जेलेंस्की आज अमेरिका को नया शांति प्लान पेश करेंगे

# यूक्रेन के पास अमेरिकी हथियार खरीदने के पैसे नहीं, 6,840 रुपए करोड़ कम पड़े

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिसबेन**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि इस साल अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए करीब 6,800 करोड़ रुपए कम पड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यह फंडिंग यूरोपीय देशों से आनी थी, लेकिन समय पर पैसे नहीं मिल सके। जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी हो सकती है।

जेलेंस्की ने यह बात लंदन में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं के साथ बैठक के बाद कही। उन्होंने कहा कि NATO की प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (PURL) पहल के तहत हथियार खरीद जारी रखने के लिए अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत है, लेकिन अमेरिका ने भी मदद देना कम कर दिया है।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए यूक्रेन को लगभग 15 अरब डॉलर (लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपए) की जरूरत है। वहीं, जेलेंसेकी आज अमेरिका को एक संशोधित शांति प्लान सौंपेंगे। यह प्लान ट्रम्प के 28 पाइंट प्लान को घटाकर 20 प्वाइंट में बदली गई है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बैठक की मेजबानी करते हुए साफ कहा कि शांति प्रक्रिया में यूक्रेन को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय फैसले खुद लेने का पूरा अधिकार है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने दावा किया कि यूरोपीय देशों के लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव पड़ना शुरू हो गया है। वहीं, जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिका के रुख पर शक जताते हुए कहा कि कुछ पहलुओं पर यूरोपीय देशों में गंभीर चर्चा जरूरी है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया।

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज (सबसे बाएं), ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर (बाएं से दूसरे), यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की (दाएं से दूसरे) और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (सबसे दाएं) सोमवार को लंदन में बैठक में शामिल हुए।



जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज (सबसे बाएं), ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर (बाएं से दूसरे), यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की (दाएं से दूसरे) और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (सबसे दाएं) सोमवार को लंदन में बैठक में शामिल हुए।

प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (ढवफछ) यूक्रेन की जंग में सैन्य मदद के लिए बनाया गया था। यह ठअळड की पहल है, जो यूक्रेन को लोन के रूप में फंडिंग देती है। यह रिलीफ लोन है, यानी आपदा राहत के लिए उधार। इसकी शुरूआत जुलाई 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ठअळड महासचिव मार्क रुट्टे के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक में हुई थी। इस बार यूरोपीय देशों से जो फंडिंग नहीं मिली, वह किन-किन देशों से आनी थी और क्यों अटकी इसके बारे में जेलेंस्की ने ज्यादा जानकारी नहीं दी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और जेलेंस्की सोमवार को लंदन में बातचीत करते हुए। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और जेलेंस्की सोमवार को लंदन में बातचीत करते हुए। सदस्य देश (जैसे जर्मनी, कनाडा) यूक्रेन को कम ब्याज पर पैसा उधार देते हैं, जिसका इस्तेमाल हथियार खरीदने या रक्षा में होता है। यूक्रेन को बाद में इसे चुकाना होगा। यह यूक्रेन को बिना अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर हुए तुरंत हथियार उपलब्ध कराने का तरीका है।

### मैक्रों बोले थे- अमेरिका यूक्रेन को मजबूर कर सकता है

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका, यूक्रेन को धोखा दे सकता है। जर्मन अखबार डेर श्पीगल के मुताबिक 1 दिसंबर को यूरोपीय नेताओं की एक सीक्रेट वीडियो कॉल लीक हो गई थी। इसमें जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्त्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, नाटो के महासचिव मार्क रूटे, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की शामिल थे।

### 2022 से जारी रूस-यूक्रेन जंग

रूस-यूक्रेन जंग फरवरी, 2022 में शुरू हुआ था। दोनों देशों के बीच जंग की बड़ी वजह रूस का यूक्रेनी जमीन पर कब्जा है। रूस ने यूक्रेन के लगभग 20% क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है। युद्ध के कारण हजारों नागरिक और सैनिक मारे गए हैं और लाखों यूक्रेनियन विस्थापित हुए हैं। जून 2023 तक, करीब 80 लाख यूक्रेनी लोग देश छोड़कर भाग चुके हैं। ट्रम्प ने युद्ध को समाप्त करने के लिए दोनों देशों के नेताओं के साथ बैठक की थी। हाल ही में, उन्होंने पुतिन के साथ अलास्का में बैठक की, जो 80 वर्षों में किसी रूसी नेता की पहली अलास्का यात्रा थी।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बाद अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अगले महीने भारत दौरे पर आ सकते हैं। हालांकि अभी तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। जेलेंस्की का यह पहला भारत दौरा होगा। यूक्रेन के राष्ट्रपतियों ने 1992, 2002 और 2012 में अब तक सिर्फ तीन बार भारत दौरा किया है। विक्टर यानुकोविच आखिरी यूक्रेनी राष्ट्रपति थे, जो 2012 में भारत आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत, रूस और यूक्रेन बीच संतुलन बनाए रखना चाहता है। 2024 में भी भारत ने ऐसा ही किया था। पीएम मोदी पहले मॉस्को गए और पुतिन से मिले थे और कुछ ही हफ्तों बाद वे कीव जाकर जेलेंस्की से मिले थे।

### इंडोनेशिया में गोल्ड माइन की वजह से दुर्लभ ओरंगुटान बंदर की प्रजाति पर खतरा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंडोनेशिया**

इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा के घने जंगलों में एक पतली सी नई सड़क बनाई जा रही है। यह सड़क आगे चलकर 2 किलोमीटर लंबी होकर माटार्बे गोल्ड माइन के नए हिस्से टोर उलू अला से जुड़ जाएगी। इस रास्ते के बन जाने से खदान तक पहुंचना आसान होगा और अरबों डॉलर के सोने तक पहुंच मिल सकेगी। लेकिन वैज्ञानिकों और पर्यावरण एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस सड़क के कारण तापनूली ओरंगुटान, जो दुनिया का सबसे दुर्लभ बंदर है उसके अस्तित्व पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

तापनूली ओरंगुटान की यह प्रजाति 2017 में ही दुनिया के सामने आई थी, जब वैज्ञानिकों ने इसे एक अलग प्रजाति के रूप में पहचाना। आज पूरी दुनिया में यह ओरंगुटान 800 से भी कम बचे हैं और ये सभी सुमात्रा के बटांग टोरू जंगल में ही पाए जाते हैं। यही वह इलाका है, जहां सोने की खदान का विस्तार चल रहा है।

# पुतिन के बाद अब जेलेंस्की भारत आ सकते हैं

## अगले महीने का प्लान, लेकिन तारीख तय नहीं; ये यूक्रेनी राष्ट्रपति का पहला भारत दौरा होगा

### जेलेंस्की का भारत दौरा कई फैक्टर पर निर्भर करेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बाद अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अगले महीने भारत दौरे पर आ सकते हैं। हालांकि अभी तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है।

जेलेंस्की का यह पहला भारत दौरा होगा। यूक्रेन के राष्ट्रपतियों ने 1992, 2002 और 2012 में अब तक सिर्फ तीन बार भारत दौरा किया है। विक्टर यानुकोविच आखिरी यूक्रेनी राष्ट्रपति थे, जो 2012 में भारत आए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत, रूस और यूक्रेन बीच संतुलन बनाए रखना चाहता है। 2024 में भी भारत ने ऐसा ही किया था। पीएम मोदी पहले मॉस्को गए और पुतिन से मिले थे और कुछ ही हफ्तों बाद वे कीव जाकर जेलेंस्की से मिले थे।



भारत और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच पिछले कई हफ्तों से बातचीत चल रही है। यह बातचीत पुतिन की यात्रा से पहले ही शुरू हो गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेलेंस्की का दौरा कब और कैसे होगा यह कई बातों पर निर्भर करेगा, जैसे कि ट्रम्प की नई शांति योजना किस दिशा में जाती है, युद्ध की स्थिति कैसी रहती है और यूक्रेन की राजनीति कैसे आगे बढ़ती है, क्योंकि इस समय वहां जेलेंस्की सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से दबाव में है।

### जेलेंस्की का भारत दौरा कई फैक्टर पर निर्भर करेगा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेलेंस्की का दौरा कब और कैसे होगा यह कई बातों पर निर्भर करेगा, जैसे कि ट्रम्प की नई शांति योजना किस दिशा में जाती है, युद्ध की स्थिति कैसी रहती है और यूक्रेन की राजनीति कैसे आगे बढ़ती है, क्योंकि इस समय वहां जेलेंस्की सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से दबाव में है। 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पीएम मोदी, पुतिन और जेलेंस्की दोनों से लगातार बात करते रहे हैं। फोन कॉल हों या अंतरराष्ट्रीय बैठकें दोनों नेताओं के साथ उनका संपर्क बना रहा है। पीएम मोदी अगस्त 2024 में यूक्रेन दौरे पर पहुंचे थे। तब उन्होंने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया था। बैठक में मोदी ने कहा था कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है।

### लिथुआनिया में इमरजेंसी लगी, बेलारूस की तरफ से बैलून आने के डर से फैसला

लिथुआनिया ने मंगलवार को अपने देश में स्टेट ऑफ इमरजेंसी घोषित कर दिया। इसका कारण बेलारूस की तरफ से आने वाले बैलून हैं, जो लिथुआनिया की हवाई सीमा में घुस रहे हैं और उड़ानों में खतरा पैदा कर रहे हैं। गृह मंत्री व्लादिस्लाव कोंद्रातोविच ने कहा, ह्लयह आपातकाल सिर्फ हवाई यातायात बाधित होने की वजह से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में भी लगाया गया है।ह्व

बेलारूस ने इन गुब्बारों की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया है और उल्टा लिथुआनिया पर आरोप लगाया है कि उसने ड्रोन भेजकर खतरनाक चींजे गिराई। लिथुआनिया ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। सरकार ने संसद से मांग की है कि आपातकाल के दौरान सेना को पुलिस, सीमा रक्षक और सुरक्षा बलों के साथ मिलकर या अकेले काम करने की इजाजत दी जाए। अगर संसद मान जाती है तो सेना किसी इलाके में प्रवेश पर रोक लगा सकती है, गाड़ियों की तलाशी ले सकती है, लोगों की तलाशी, दस्तावेज और सामान की जांच कर सकती है, विरोध करने वालों या अपराध के शक में लोगों को हिरासत में ले सकती है और जरूरत पड़े तो बल प्रयोग भी कर सकती है। रक्षा मंत्री रोबर्टस काउनास ने कहा कि यह आपातकाल तब तक रहेगा जब तक सरकार खुद इसे खत्म न कर दे। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने १ दिसंबर को कहा था कि सीमा पर हालात बिगड़ रहे हैं और बेलारूस गुब्बारों का इस्तेमाल ह्लहाइब्रिड हमलाह्व कर रहा है।

### बांग्लादेश की ढाका यूनिवर्सिटी में पाकिस्तान के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन; बोले- रजाकारों से समझौता नहीं करेंगे

बांग्लादेश की ढाका यूनिवर्सिटी में सोमवार को छात्रों ने पाकिस्तान और 1971 के रजाकारों (पाकिस्तानी सेना के स्थानीय सहयोगियों) के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने यूनिवर्सिटी के अलग-अलग हॉस्टलों और ळरउ गेट पर पाकिस्तान का झंडा जमीन पर बिछाकर उसे रौंदा। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि यह प्रदर्शन मुक्ति संग्राम में शहीद मुक्तिवाहिनी योद्धाओं की याद और पाकिस्तानी सेना और उनके सहयोगी रजाकारों के अपराधों के खिलाफ संदेश देने के लिए किया गया है।

1971 के मुक्ति संग्राम में रजाकार पाकिस्तान सेना के स्थानीय सहयोगी थे। वे बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) के उन समूहों का हिस्सा थे जो पाकिस्तान का साथ देते थे और स्वतंत्रता की मांग करने वाले बंगालियों के खिलाफ काम करते थे। रजाकारों पर नरसंहार, अपहरण, आगजनी और स्वतंत्रता सेनानियों की पहचान बताने के आरोप लगे थे। ये लोग पाकिस्तान सेना के साथ मिलकर अल-बद्र और अल-शम्स नाम के मिलिशिया समूहों से भी जुड़े थे।

### पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों को फिर मुलाकात से रोका गया, परिवार बोला- कोर्ट के आदेश मजाक बन गए

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों को एक बार फिर जेल में उनसे मिलने नहीं दिया गया। उनकी बहनों का कहना है कि वह घंटों तक जेल प्रशासन से मिलने की अनुमति का इंतजार करती रहीं, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। परिवार ने आरोप लगाया कि अदालतों के आदेश अब मजाक बनकर रह गए हैं, क्योंकि प्रशासन उन्हें लागू ही नहीं कर रहा। इमरान खान के समर्थकों का कहना है कि पाकिस्तान की मौजूदा सत्ता संविधान और कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज कर रही है। इमरान खान कई मामलों में सजा काट रहे हैं और उनके परिवार तथा कानूनी टीम को मुलाकात में लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया बैन आज से लागू; इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट ब्लॉक होंगे

ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश बन गया है जहां आज बुधवार से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पूरी तरह बैन हो जाएगा। आज आधी रात से इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब, फेसबुक, स्नैपचैट जैसी 10 बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों को ऑस्ट्रेलिया के 16 साल से छोटे बच्चों के अकाउंट ब्लॉक करने होंगे। कंपनियों ने ऐसा नहीं किया तो 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर (लगभग 275 करोड़ रुपए) तक का जुमार्ना लगेगा। सरकार का कहना है कि सोशल मीडिया से बच्चों की मानसिक सेहत को बहुत नुकसान हो रहा है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी-3, 2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग्य, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

### ऊपर से नीचे

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरूर, नशा,गरूर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाइन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 5 | = | 52 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 52 | | 80 | | 78 | | 10 | = | 44 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 97 | | 58 | | 25 | | 2 | = | 16 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 3 | | 20 | | 2 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 25 | | 21 | | 38 | | 27 | = | 4 / 15 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | अ | ज | व | न | र | ट |
| दा | ठ | अ | न | आ | नो | ग | ट | इ | ह | वि |
| अ | व | नू | पू | ग | ख्या | थ | त | ग | क | ल |
| द् | जा | व | ते | र्व | ज | क्क | म | ब | त | बा |
| भु | त | र | दा | री | र्ल | ग | गो | ग | व | ण |
| त | द | म | लि | य | अ | पू | न | ला | र | सी |
| ती | जं | म | ठ | हि | प | बु | श | र | ज | ल |
| क | ल | ग | ला | वि | व | सी | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | वा | फ्र | वि | त्या | शै | म | प | क |
| ज | ग | त | प | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वि | से | ष | त | त | ल | ज | र | वा | त | थ |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 7 | | 6 | 4 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 5 | 29 | 1 | 33 | | 37 | 6 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 2 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# कैसे ढह गया इंडिगो का सिस्टम

## इंडिगो क्राइसिस



**शुरुआत: 2 दिसंबर, 2025**

**वजह:** FDTL रेगुलेशन की वजह से पायलट और क्रू स्टाफ की कमी

### फ्लाइट कैंसिल

| 3 दिसंबर | 4 दिसंबर | 5 दिसंबर |
|---|---|---|
| करीब 150 | करीब 800 | 1000 से ज्यादा |

**6 दिसंबर 800 से ज्यादा**

| एयरपोर्ट | अराइवल | डिपार्चर | कुल |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 49 | 37 | 86 |
| मुंबई | 54 | 55 | 109 |
| बेंगलुरु | 61 | 63 | 124 |
| हैदराबाद | 34 | 35 | 69 |
| कोलकाता | 21 | 20 | 41 |
| अहमदाबाद | 24 | 35 | 59 |
| पुणे | 20 | 22 | 42 |

## पायलट छुट्टी पर, फ्लाइट कैंसिल नहीं कीं, मनमानी के लिए DGCA कितना जिम्मेदार

**ह्यमैं करीब 10 साल से एयरलाइन इंडस्ट्री में काम कर रहा हूं। आज तक इतना बड़ा संकट नहीं देखा। मुझे लगता है कि इंडिगो की दिक्कत किसी दूसरे की नहीं, बल्कि कंपनी की खुद की बनाई हुई है। मैंने अपने कई साथी पायलट से भी बात की, तब इस नतीजे पर पहुंचा हूं। 34 साल के पायलट कैप्टन रोहित सक्सेना (बदला हुआ नाम) एयरलाइन कंपनी इंडिगो में 3 साल से काम कर रहे हैं। रोहित को 5 हजार फ्लाइंग अवर्स का अनुभव है। वे अपनी पहचान जाहिर नहीं करना चाहते क्योंकि नौकरी जाने का खतरा है। पहचान छिपाकर उन्होंने हमें वो सब बताया, जो इंडिगो क्राइसिस की जड़ में है।**

[redacted]

2 दिसंबर को इस क्राइसिस की शुरूआत हुई। 6 दिसंबर तक इंडिगो की 2000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ीं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता समेत देश भर में लाखों पैसेंजर परेशान होते रहे। उन्हें कई-कई घंटे एयरपोर्ट पर रहना पड़ा। इसके कई वीडियो-फोटो सामने आ चुके हैं। आखिर इंडिगो क्राइसिस की वजह क्या है, इसके लिए इंडिगो के अलावा और कौन जिम्मेदार है, इस पर हमने इंडिगो के दो पायलट और चार एविएशन एक्सपर्ट्स से बात की। इससे समझ आया कि इस क्राइसिस के दो जिम्मेदार हैं।

### 1. इंडिगो: DGCA की गाइडलाइन के हिसाब से तैयारी नहीं की

DGCA की तरफ से जारी फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन यानी FDTL रेगुलेशन पहली बार जनवरी 2024 में नोटिफाई किए गए थे। इंडिगो के पास इन गाइडलाइंस के हिसाब से तैयारी के लिए काफी समय था। हालात बिगड़े तो उसने 5 दिन में 4 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दीं। इससे अलग-अलग रूट पर यात्री फंस गए और एयरपोर्ट पर अव्यवस्था फैल गई।

### 2. DGCA: नियमों का पालन करवाना था, इंडिगो के मामले में अनदेखी की

फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के नियमों का पालन करवाने की जिम्मेदारी DGCA की थी। कांग्रेस ने इस पर सवाल किया है कि DGCA क्या कर रहा था। पार्टी के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि DGCA को पता था देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इसके लिए तैयार नहीं है। ये नियम 1 नवंबर 2025 से पूरी तरह लागू किए गए। DGCA ने इंडिगो से इनका पालन क्यों नहीं करवाया।

## पायलट कम, नई भर्ती की प्रोसेस धीमी

हमने इंडिगो में काम करने वाले एक ट्रेनी पायलट से भी बात की। वे नाम जाहिर नहीं करना चाहते। पायलट बताते हैं, ह्यऐसा नहीं है कि नए नियम अचानक आ गए। कंपनी को पहले से पता था। ऐसा नहीं है कि भर्तियां नहीं हो रही हैं, लेकिन प्रोसेस बहुत धीमी है। काफी पायलट छुट्टी पर गए हुए हैं। साल का आखिरी महीना चल रहा है और उनकी छुट्टियां पेंडिंग थीं।

बहुत सारे पायलट नौकरी छोड़ रहे हैं क्योंकि अनुभव लेने के बाद मिडिल ईस्ट या दूसरे देशों में अच्छी सैलरी मिलती है। पिछले कुछ साल से भारत में पायलट की सैलरी ग्रोथ रुकी हुई है। जाहिर सी बात है कि FDTL नियम सही हैं। पायलट्स को आराम चाहिए। इंडिगो बहुत ज्यादा उड़ान भरवाती है। कंपनी में नए नियमों के हिसाब से पायलट की कमी तो है।

एयरलाइन सेक्टर में इंडिगो की हिस्सेदारी 60% से ज्यादा है। एक तरीके से उसका एकाधिकार है। कंपनी हर चीज को बहुत टाइट कॉस्टिंग करके रखती है, तभी प्रॉफिट में रहती है। अंदरखाने लोग यही बोल रहे हैं कि इंडिगो ने दबाव बनाने के लिए ये सब किया है क्योंकि कंपनी ने DGCA के सामने जो मांगें रखी थीं, वे मान ली गई हैं।

## इंडिगो एयरलाइन



**फाउंडर**



राहुल भाटिया



राकेश गंगवाल

लाइसेंस मिला 2004

पहली उड़ान 4 अगस्त 2006

दिल्ली से गुवाहाटी

### खास बातें

इंडिगो ने शुरुआत से मिडिल क्लास पर फोकस किया, प्लेन में सिर्फ इकोनॉमी क्लास की सीटें लगाईं



हर फ्लाइट में 180 लोगों के बैठने की जगह बनाई गई, कॉस्ट कटिंग के लिए सफर के दौरान फ्री का खाना हटा दिया गया

### ऑपरेशनल फ्लाइट

| रोजाना फ्लाइट | डोमेस्टिक फ्लाइट | इंटरनेशनल |
|---|---|---|
| 2200 से ज्यादा | 90 से ज्यादा | 40 से ज्यादा |

मार्केट शेयर: 61.4% यानी हर 10 में से 6 भारतीय पैसेंजर इंडिगो फ्लाइट से सफर करते हैं

**प्लेन 417**



## सिस्टम अचानक स्लो हो गया, आधे घंटे की प्रोसेस में एक-सवा घंटा लगा

इंडिगो के पायलट रोहित बताते हैं, 2 दिसंबर को मैं दिल्ली एयरपोर्ट पर था। एयरपोर्ट पर उड़ान करने से पहले प्री-फ्लाइट तैयारियों में एवरेज से ज्यादा वक्त लगा। ग्राउंड स्टाफ क्लियरेंस से लेकर बाकी प्रोसेस जिनमें आधा घंटा लगता है, उसमें एक-सवा घंटा लगा।

3 और 4 दिसंबर को भी ऐसा ही हुआ। लगा कि इंडिगो का सिस्टम अचानक स्लो हो गया है। इसके पीछे क्या टेक्निकल या मैनेजीरियल कारण हैं, ये पायलट्स को नहीं पता। हमें तो प्लेन उड़ाने के लिए रोस्टर मिलता है। हम उसके मुताबिक उड़ान के लिए निकल पड़ते हैं। क्या हाल में अचानक ज्यादा फ्लाइट उड़ाने और ज्यादा देर तक ड्यूटी करने का प्रेशर बना है? रोहित जवाब देते हैं, ह्यज्यादा उड़ान का दबाव नहीं है। हां, फ्लाइंग टाइम के अलावा दूसरे अप्रूवल्स जैसे टैक्सी, पार्किंग, एटीसी क्लियरेंस, सिक्योरिटी क्लियरेंस, चेकलिस्ट क्लियरेंस, ग्राउंड क्लियरेंस में ज्यादा वक्त लगा है। इस क्राइसिस के पीछे FDTL के नए नियम बताए जा रहे हैं, ये तो 1 नवंबर से लागू हो चुके थे। ये संकट एक महीने बाद क्यों आया? क्या एक महीने से पायलट ज्यादा उड़ान भर रहे थे और अचानक कम करने लगे?

रोहित बताते हैं, 1 नवंबर से नियम लागू हुए, तब से नियमों के मुताबिक ही रोस्टर बनाए जा रहे थे। हफ्ते में 36 की जगह 48 घंटे का आराम दिया गया। हम पहले के बराबर ही उड़ान भर रहे थे। समझ नहीं आ रहा कि अचानक 3 दिसंबर से क्या हो गया।

## DGCA के नए नियमों से इंडिगो में संकट

**साप्ताहिक आराम**
हर सप्ताह 48 घंटे का वीकली रेस्ट जरूरी

**नाइट ड्यूटी**
पहले सुबह 5 तक थी, अब रात 12 से सुबह 6 तक शिफ्ट

**नाइट लैंडिंग पर लिमिट**
पहले पायलट 6 लैंडिंग तक करते थे, अब सिर्फ 2 की इजाजत

**लगातार नाइट शिफ्ट पर रोक**
लगातार 2 रातों से ज्यादा ड्यूटी नहीं लग सकती

**फ्लाइट ड्यूटी पीरियड लिमिट**
प्री-फ्लाइट और पोस्ट-फ्लाइट में अतिरिक्त 1 घंटे से अधिक काम नहीं

**लंबी उड़ानों के बाद रेस्ट**
कनाडा-यूएस जैसी लंबी उड़ानों के बाद पायलट को 24 घंटे का रेस्ट।

**असर क्या हुआ**
- पायलट और क्रू की संख्या अचानक कम हो गई
- सभी एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट शेड्यूल बिगड़ा
- कई फ्लाइट्स रद्द या देरी से चलीं
- अतिरिक्त भर्ती और ट्रेनिंग देनी पड़ रही है

■ वर्ष-12 अंक-38 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

विद्या शस्त्रं च शास्त्रं च द्वे विद्ये प्रतिपत्तये।
आद्या हास्याय वृद्धत्वे द्वितीयाद्रियते सदा।।

**भावार्थ** : शस्त्र और विज्ञान विद्या- ये दो प्राप्य विद्याएं हैं। प्रवेश पुराना है, और हमेशा के लिए सदाबहार है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 10 दिसम्बर, 2025

ज्ञातिभि र्वण्टयते नैव चोरेणापि न नीयते।
दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम्।।

**भावार्थ** : ज्ञान का रत्न एक महान धन है, जिसे विद्वान बांट नहीं सकते, जिसे चोर छीन नहीं सकते, और जिसका दान क्षय नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### अपराधानां दीर्घसूची

एतेन ज्ञायते यत् स्थानं किमपि न भवतु, स्त्रियाः विषये चिन्तनं न्यूनाधिकं समानं भवति तथा च सर्वत्र तेषां समानानि धमकीः आव्हानानि च सामना कर्तुं अर्हन्ति। अपराधानां दीर्घसूची : इन्डोर कोलकाता च केवलं द्वौ घटनाः इति न निराकर्तुं शक्यते यतोहि देशे प्रतिदिनं प्रतिदिनं एतादृशाः शतशः एतादृशाः घटनाः भवन्ति। एनसीआरबी-आँकडा दर्शयति यत् २०२३ तमे वर्षे महिलानां विरुद्धं ४.५ लक्षं प्रकरणं पञ्जीकरणं कृतम् आसीत्। एतेषु प्रायः ८४ सहस्त्राणि प्रकरणाः उत्पीडनस्य आसन्, २९ सहस्त्राधिकाः बलात्काराः आसन् गैरजिम्मेदारवक्तिशास्त्रीयः : यदि वयं एतान् आकङ्क्षान् पश्यामः तर्हि स्पष्टं भवति यत् स्त्रियः कुत्रापि सुरक्षिताः न सन्ति न गृहे न च बहिः। अपराधस्य च छाया प्रत्येकं आयुवर्गे पतति। एतादृशे वातावरणे यदा मधयाप्रदेशमन्त्री कैलिश विजयवार्गिया इत्यस्य सदृशं वक्तव्यं आगच्छति, यस्मिन् दायित्वं पीडितानां उपरि स्थाप्यते, ततः एकप्रकारेण, तत् अभियुक्तस्य पलायनस्य कवचं ददाति। विश्वासस्य प्रश्नः : क्रिकेट् विश्वकपः एकः बृहत् कार्यक्रमः अस्ति। भविष्ये अपि देशे बहवः बृहत्-कार्यक्रमाः आयोजिताः भवेयुः, परन्तु एतादृशाः घटनाः विदेशीय-पर्यटकानाम्, प्रेक्षकाणां, क्रीडकानां च विश्वासं न्यूनीकुर्वन्ति। घटनायाः अनन्तरं सुरक्षाव्यवस्थां कठिनं कर्तुं न पर्याप्तम्, यावत् समाजः महिलानां कृते सुरक्षितः न भवति, तावत् अर्धजनसंख्या वास्तवतः सुरक्षिता न भवितुम् अर्हति।

### इण्डिगोविरुद्धं महतीं कार्यवाही

# दैनिकं 110 विमानयानानि न्यूनीकृतानि केन्द्रसर्वकारेण




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

विगतसप्ताहे भारतीयविमानक्षेत्रे अशान्तिमध्ये नागरिकविमाननमहानिदेशालयेन इण्डिगोविमानसेवाविरुद्धम् अद्यापि बृहत्तमा कार्यवाही कृता। डिसेम्ब-मासस्य द्वितीये दिने आरब्धस्य विमान-रद्दीकरण-संकटस्य आलोके, यात्रिकाणां क्रोधस्य च वर्धमानस्य आलोके नियामकेन इण्डिगो-इत्यस्मै तत्कालं प्रभावेण स्वस्य विमानस्य समयसूची ५% न्यूनीकर्तुं आदेशः दत्तः अस्ति अस्य आदेशस्य मूलतः अर्थः अस्ति यत् इदानीं इण्डिगो-संस्थायाः दैनिकविमानयानानां प्रायः ११० विमानयानानि रद्दीकृतानि भविष्यन्ति अथवा तेषां स्लॉट् अन्येभ्यः विमानसेवाभ्यः आवंटितं भविष्यति यत् विमानस्थानकेषु जामस्य निवारणं भवति।

डीजीसीए इत्यनेन स्वस्य कार्यवाही इण्डिगो इत्यस्य दुर्प्रबन्धनस्य आधारेण कृता अस्ति। नियामकस्य मतं यत् विगतकेषु दिनेषु विमानसेवा नूतनानां फ्लाइट् ड्यूटी टाइम् लिमिट् नियमानाम् कारणेन तथा च चालकदलस्य तीव्र-अभावस्य कारणेन सुचारु-सञ्चालनं कर्तुं असफलतां प्राप्तवती अस्ति। अनेन विमानस्थानकेषु अराजकता, कोटि-कोटि-यात्रिकाणां असुविधा च अभवत्। डीजीसीए इत्यनेन विमानसेवाप्रबन्धनेभ्यः स्पष्टतया उक्तं यत् यावत् तेषां कृते पर्याप्तं चालकदलं स्थिरसञ्चालनस्य योजना च न भवति तावत् न्यूनीकृतक्षमतायां कार्यं कुर्वन्तु। सूत्रानुसारं कटनीयानां विमानयानानां सूचीं संकलितं भवति, इण्डिगो इत्यस्य रिक्तस्थानानि एयर इण्डिया, अकासा एयर, स्पाइसजेट् इत्यादीनां कम्पनीभ्यः आवंटयितुं शक्यन्ते।

अस्मिन् संकटकाले यात्रिकाणां शोषणात् रक्षणार्थं कऽअर इत्यनेन विमानभाडानां सीमा अपि निर्धारिता अस्ति। इण्डिगो इत्यनेन स्वस्य रक्षणे तान्त्रिकदोषान्, दुर्गतिः, नूतनाः नियमाः च उद्धृत्य विस्तृतं प्रतिवेदनं दातुं समयं याचितम् अस्ति। परन्तु विमानसेवायाः रोस्टरस्य, जनशक्तिस्य च अन्वेषणार्थं कऽअर इत्यनेन चतुर्णां सदस्यानां विशेषदलस्य निमार्णं कृतम् अस्ति। केन्द्रीयमन्त्री जेलसमयस्य धमकी संसदतः सर्वोच्चन्यायालयपर्यन्तं एषः विषयः प्रतिध्वनितुं शक्नोति। नागरिकविमाननमन्त्री राममोहननायडुः संसदे कठोरचेतावनीम् अयच्छत् यत् सर्वकारः यात्रिकाणां दुर्दशां हल्केन न गृह्णाति। यदि अन्वेषणेन इण्डिगो इत्यस्य लापरवाही सिद्धा भवति तर्हि कम्पनीयाः उत्तरदायी प्रबन्धकस्य त्रयः वर्षाणि यावत् कारावासः, १ कोटिपर्यन्तं दण्डः, उभयम् अपि भवितुम् अर्हति सर्वोच्चन्यायालयेन अपि एतत् अतीव गम्भीरं विषयं मन्यते।

### याचिकाकर्ता आग्रहं

# केन्द्रसर्वकारः न्यायपालिका च संयुक्तरूपेण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

सृज्यन्ते, यथा पूर्वाग्रहः, गोपनीयतायाः उल्लङ्घनं, आँकडानां अशुद्धविश्लेषणं, निर्णयेषु अप्रत्यक्षप्रभावः वा। याचिकाकर्ता आग्रहं कृतवान् यत् केन्द्रसर्वकारः न्यायपालिका च संयुक्तरूपेण एकां व्यापकनीतिं निमार्तुम्, या निर्धारयिष्यति यत् एआइ-उपकरणानाम् उपयोगः केषां प्रकारेषु कर्तुं शक्यते, न्यायिकदस्तावेजानां वा प्रकरणानाम् अभिलेखानां वा एआइ-प्रवेशः कथं नियन्त्रितः भविष्यति, भविष्ये एआइ-इत्यनेन न्यायिककार्यवाहीषु प्रभावः करणीयः चेत् कस्य उत्तरदायित्वं भविष्यति इति। परन्तु सर्वोच्चन्यायालयः हस्तक्षेपं कर्तुं निवृत्तः यत् एआइ-सम्बद्धाः विविधाः प्रयोगाः सम्भाव्यजोखिमाः च न्यायपालिकायाः अन्तः पूर्वमेव अध्ययनं क्रियन्ते इति। पीठस्य टिप्पण्या अपि स्पष्टं जातं यत् न्यायालयः कस्यापि बाह्यनिर्देशस्य नीतिमार्गदर्शक-आदेशस्य वा अवलम्बनं न कृत्वा, स्वस्य संस्थागतप्रक्रियानुसारं प्रौद्योगिक्याः उपयोगाय मानकानि निर्धारयितुं इच्छति। न्यायालयेन उक्तं यत् यदि प्रशासनिकनिर्णयाः आवश्यकाः सन्ति तर्हि ते तया मार्गेण क्रियन्ते, यदा तु नियमाः समये समये अद्यतनीकरणं कृत्वा कस्यापि दुर्बलतायाः निवारणं कर्तुं शक्यते। ताः टिप्पण्याः तस्मिन् समये आगताः यदा न्यायालयः अन्तिमेषु वर्षेषु एआइ-आधारित-अनुवादस्य, दस्तावेज-प्रबन्धनस्य, प्रकरण-सूचीकरणस्य, शोध-उपकरणस्य च सीमित-परिमाणेन परीक्षणं कुर्वन् अस्ति सर्वोच्चन्यायालयस्य ई-समितिः न्यायिक-अङ्गीकरणस्य चतुर्थे चरणे प्रौद्योगिकी-नवीनीकरणानां समावेशस्य अपि कार्यं कुर्वती अस्ति।

### गेमसा इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड इत्येतयोः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

रिलायन्स वैल्यू सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, रिलायन्स वेर्ञ्च एसेट् मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स आधार संपत्ति कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, तथा मेसर्स गेमसा इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड इत्येतयोः नाम्ना धारितानां स्थिरनिक्षेपाः, बैंकशेषाः, तथा च अउद्धृतनिवेशानां भागाः अपि समाविष्टाः सन्ति २०१७-२०१९ तमस्य वर्षस्य कालखण्डे येस् बैंकेन आरएचएफएल-यन्त्रेषु २,९६५ कोटिरूप्यकाणि आरसीएफएल-यन्त्रेषु २,०४५ कोटिरूप्यकाणि च निवेशिताः। २०१९ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बरमासपर्यन्तं एते निवेशाः अप्रदर्शनीयाः अभवन्। आरएचएफएलस्य कृते बकाया राशिः १,३५३.५० कोटिरूप्यकाणि, आरसीएफएलस्य कृते १,९८४ कोटिरूप्यकाणि च आसीत्।

### राशिफल

**मेष** : आज आपका आत्मविश्वास और साहस दोनों ही मजबूत बने रहेंगे। पराक्रम का फल साफ दिखाई देगा।

**वृषभ** : आप आज बहुत विनम्र और सभ्य तरीके से व्यवहार करेंगे, जिससे आपका प्रभाव भी बढ़ेगा।

**मिथुन** : आज आपका व्यवहार और सोच दोनों ही सकारात्मक रहेंगे, जिससे लोग आपकी तरफ आकर्षित होंगे।

**कर्क** : आज खर्चों की अधिकता आपको मानसिक रूप से परेशान कर सकती है। ज्यादातर खर्च शुभ और जरूरी कामों पर होंगे।

**सिंह** : आज आपके लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। रुका हुआ धन वापस मिलने की प्रबल संभावना है।

**कन्या** : आज शत्रुओं पर आपका प्रभाव इतना मजबूत रहेगा कि वे भी आपके साथ नरमी से पेश आएंगे।

**तुला** : आज आपका झुकाव धर्म-कर्म और शुभ कार्यों की ओर रहेगा। प्रोफेशनल सेक्टर में बड़ी सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** : विद्यार्थियों के लिए यह समय बेहद शानदार है। पढ़ाई, लिखाई, क्रिएटिविटी और निर्णय लेने के लिए दिन उत्तम है।

**धनु** : आपके समय में पहले की तुलना में काफी सुधार हो चुका है। अब आप पुराने जोखिमों से बाहर आ चुके हैं।

**मकर** : आज आपको विशेष सावधानी की जरूरत है। चोट या किसी अनचाही परेशानी का संकेत मिल रहा है।

**कुंभ** : आज जीवनसाथी का पूरा सहयोग और स्नेह मिलेगा। रोजगार में तरक्की होगी और नौकरी में आपकी स्थिति और मजबूत होगी।

**मीन** : भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी और परिवार में किसी शुभ कार्यक्रम का संकेत भी मिल रहा है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 9 जनवरी से शुक्र ग्रह बना रहे हैं पावरफुल राजयोग, इन राशियों को मिलेगा धन लाभ

9 जनवरी 2026 को बन रहे गुरु और शुक्र के प्रतियुति दृष्टि योग से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है, मिलेगी धन, सफलता और विशेष लाभ की संभावना। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, प्रत्येक ग्रह एक निश्चित समय के बाद अपनी राशि बदलता है और इसका प्रभाव 12 राशियों के जीवन पर अलग-अलग रूप में दिखाई देता है। नया साल 2026 जल्द ही आरंभ होने वाला है और इस वर्ष कई ग्रहों की स्थिति में परिवर्तन होने के साथ-साथ कई शुभ और लाभकारी राजयोग भी बनने वाले हैं। इसी क्रम में जनवरी महीने की शुरूआत में शुक्र और गुरु के संयोग से विशेष योग का निर्माण होने जा रहा है, जिसे प्रतियुति दृष्टि योग कहा जाता है। यह योग कुछ राशियों के लिए खास तौर पर लाभकारी साबित हो सकता है। जनवरी में गुरु ग्रह मिथुन राशि में वक्री अवस्था में रहेंगे, वहीं धन के कारक शुक्र ग्रह धनु राशि में विराजमान होंगे। धनु राशि में शुक्र पहले ही बुध के साथ लक्ष्मी-नारायण योग और सूर्य के साथ शुक्रादित्य योग का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में गुरु और शुक्र की प्रतियुति दृष्टि इस समय बनते ही कुछ राशियों को विशेष लाभ और शुभ फल प्राप्त होंगे। यह विश्लेषण चंद्र राशि के आधार पर किया जा रहा है। विशेष रूप से 9 जनवरी को रात 11:02 बजे शुक्र और गुरु एक-दूसरे से 180 डिग्री की दूरी पर होंगे, जिससे यह प्रतियुति दृष्टि योग उत्पन्न होगा और चुनी हुई राशियों के लिए सौभाग्य और लाभ के मार्ग खुलेंगे।

कर्क राशि- कर्क राशि के जातकों के लिए भी गुरु और शुक्र का प्रतियुति दृष्टि योग विशेष रूप से लाभकारी रहने वाला है। इस राशि में गुरु दूसरे भाव में वक्री अवस्था में रहेंगे और शुक्र धनु राशि के छठे भाव में गोचर करेंगे। इसका सीधा असर आपके पारिवारिक और व्यावसायिक जीवन पर होगा। इस अवधि में कर्क राशि के जातकों के लिए घर-परिवार के साथ सुखद समय बीतेगा। परिवार में खुशियों की वृद्धि होगी और जीवन में नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। करियर के क्षेत्र में प्रयास सफल होंगे और कार्य में फोकस बढ़ेगा, जिससे रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। व्यापारिक क्षेत्रों में भी लाभ प्राप्त होगा। आप अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बढ़त बना सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और ऊर्जा बनी रहेगी। कुल मिलाकर यह समय कर्क राशि वालों के लिए सफलता और खुशियों से भरा रहने वाला है।

धनु राशि - धनु राशि के जातकों के लिए 2026 में गुरु और शुक्र के प्रतियुति दृष्टि योग का समय अत्यंत लाभकारी साबित हो सकता है। इस अवधि में गुरु सप्तम भाव में और शुक्र पहले भाव में विराजमान होंगे। इसके अलावा, धनु राशि में बुध और सूर्य भी सक्रिय रहेंगे, जिससे यह समय धनु राशि के लिए सोने पर सुहागा साबित होगा। इस समय धनु राशि के जातकों को जीवन के कई क्षेत्रों में लाभ मिलने की संभावना है। करियर में तरक्की और वेतन वृद्धि के योग बन रहे हैं। व्यवसायिक क्षेत्रों में नए अवसर और बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं, जिससे मुनाफा बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बेकार के खर्चों से राहत मिलेगी। धन संचय करने में सफलता मिल सकती है। मानसिक तनाव कम होगा और कानून या अन्य अड़चनों से राहत मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। इसके अलावा, समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने की संभावना है। कुल मिलाकर यह समय धनु राशि के जातकों के लिए भाग्य और सफलता से भरा हुआ साबित हो सकता है।

मकर राशि - मकर राशि के जातकों के लिए गुरु और शुक्र का प्रतियुति दृष्टि योग कई क्षेत्रों में अनुकूल साबित होगा। इस अवधि में शुक्र बारहवें भाव में और गुरु छठे भाव में विराजमान रहेंगे। इस समय मकर राशि के जातकों के लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। धन और संपत्ति में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। करियर में भी लाभ के अवसर मिलेंगे, हालांकि कार्यस्थल पर दबाव महसूस हो सकता है। यदि आप नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं, तो इस अवधि में सफलता मिलने के योग हैं। व्यापार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे और पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## खबर एक नजर...

### दुर्घटना में घायल 3 लोगों की उपचार के दौरान मौत

**उज्जैन।** सड़क दुर्घटना के दौरान घायल हुए 3 लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई। पहला मामला नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के त्रिवेणी ब्रिज क्षेत्र का था। 26 नवम्बर को सायकल पर सवार रमेश पिता राजू 50 साल निवासी मालनवासा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। लोगों की मदद से उन्हे बिरला अस्पताल भेजा गया था। जहां उपचार के बाद परिजन हालत में सुधार होने पर घर लेकर चले गये थे, लेकिन दोबारा हालत बिगड़ने पर अस्पताल लाया गया, जहां सोमवार मंगलवार रात मौत हो गई। नानाखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। दूसरा मामला आगर जिले के रहने वाले जितेन्द्र पिता मनोहरलाल 27 वर्ष के साथ 28 नवम्बर को हुआ था। जितेन्द्र फायनेंस कंपनी में काम करता था, बाइक से घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। जहां से इंदौर ले गये थे, वहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ और खर्च अधिक आने पर वापस उज्जैन ले आये थे। जहां चरक भवन में रात को मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। तीसरा मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र का होना सामने आया है। 5 दिसंबर को साहिल पिता लियाकत पटेल 19 साल निवासी गांधीनगर नागझिरी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार शाम साहिल की मौत हो गई। चरक अस्पताल लाने पर ड्युटी कम्पाउंडर ने चिमनगंज थाना पुलिस को सूचना दी है। पुलिस मर्ग कायम कर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम करायेगी।

### बड़नगर से बदनावर लौट रहे दंपति दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** बदनावर के ग्राम पलदूनिया में रहने वाला संजू चंद्रवंशी पत्नी सपना के साथ खरीददारी के लिये बाइक से बड़नगर आया था। जहां से खरीददारी करने के बाद दोनों शाम को वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान तेजगति से आये चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दंपति घायल हो गये। पत्नी सपना को गंभीर चोंट लगने पर बड़नगर से उज्जैन रैफर किया गया है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला था।

### बदमाशों ने कंटेनर को ताला तोड़कर चुराये 14 कार्टून

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ हाईव पर ग्राम बमनई पदमा खोरिया के मध्य बदमाशों ने चलते कंटेनर का ताला तोड़कर उसमें रखे 14 कार्टून चोरी कर लिये। 6 दिसंबर की रात 11.50 से 12.25 के बीच हुई वारदात की खबर चालक उदयराज पिता मुखरामसिंह अहिर निवासी बड़ा गुलरिया कटरी गंगपुर जिला फरूखाबाद उत्तरप्रदेश को लगी तो उसने कंटेनर रोका, बदमाश भाग निकले। चालक ने झारड़ा थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद मामले में मंगलवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। चालक के अनुसार चोरी हुए कार्टून ऑनलाइन बुक किये गये मिशो कंपनी के थे, जिन्हे इंदौर भेजा गया था। कंटेनर में ओर भी सामान भरा था, बदमाश 14 बॉक्स ही चोरी कर पाये। पिछले कुछ समय से गरोठ हाईवे पर ट्रक कटिंग के साथ लूटपाट की कई वारदातें लगातार सामने आ रही है। हाइवे काफी लम्बा है और कई थानों की सीमा से होकर गुजर रहा है। बड़े वाहन में होने वाली वारदातों के बाद चालकों को शिकायत दर्ज कराने के लिये भी परेशान होकर इधर से उधर थानों की सीमा में भटकना पड़ रह है। कई वाहन चालक तो अपने साथ होने वाली वारदातों की शिकायत दर्ज कराये बिना ही गतंव्य की ओर निकल जाते है। हाइवे पर होने वाली वारदातों में कंजर-पारदी गिरोह के बदमाशों का हाथ होना बताया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 680-4 | 490-3 |
| मेन बाजार | 280-0 | 159-5 |
| मिलन डे | 690-5 | 256-3 |
| मिलन नाइट | 600-6 | 277-6 |

1 2 5

### हरिफाटक और घासमण्डी ब्रिज पर हो चुकी है घटना

# चाइना से ना कटे गला, ब्रिज पर बांधे गये तार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





चंद रूपयो के मुनाफे और पतंगबाजी करने वाला अपने लालच के लिए लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। ऐसे दुश्मनों से निपटने के लिए पुलिस मैदान में उतर चुकी है। बेचने वालों की तलाश में सर्चिंग जारी है, वहीं अब चाइना डोर से होने वाले हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने ब्रिज पर तार बांधना शुरू कर दिया है।

मकर संक्रांति का पर्व धार्मिक नगरी में दान पुण्य और आस्था स्नान के साथ पतंग उत्सव के रूप में मनाया जाता है। पतंग को आसमान की ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए डोर (मांझे) की आवश्यकता होती है। कुछ साल पहले तक सूत के मांझे का उपयोग किया जाता था, लेकिन पिछले ८-१० सालों से पतंगबाजी के लिए नायलॉन से बनी चाइना डोर का उपयोग होने लगा है जो काफी घातक साबित होना सामने आ रहा है। ३ साल पहले छात्रा नेहा आंजना की चाइना डोर से गला काटने पर मौत हो गई थी। दर्जनों लोग मौत के मुंह से लौट कर वापस आए थे। सैकड़ो घायल हो चुके थे। मानव प्रजाति के साथ ही पशु पक्षी भी चाइना डोर की वजह से मौत की आगोश में समा चुके हैं। घातक परिणाम को देख प्रशासन प्रतिवर्ष दिसंबर और जनवरी माह में चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा रहा है। इस बार भी मकर संक्रांति का पर्व करीब आते ही कलेक्टर ने प्रतिबंध आदेश जारी कर दिया है। बावजूद कुछ लोगों द्वारा चाइना डोर से पतंग बाजी की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में तीन घटना होना सामने आ चुकी है। खूनी घातक रूप ले चुकी नायलॉन की डोर से होने सबसे अधिक घटनाएं हरि फाटक ब्रिज और घासमंडी जीरो ब्रिज पर अब तक सामने आई है। प्रतिबंध आदेश जारी होने के बाद पुलिस जहां बेचने वालों की तलाश में दुकानों पर सर्चिंग अभियान चला रही है। नहीं अब पतंगबाजो की वजह से होने वाले हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने ब्रिज के दोनों छोर पर लोहे के तार बांधना शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को हरिफाटक ब्रिज पर वाली पुलिस ने हाइड्रोलिक क्रेन मशीन के माध्यम से तार बांधने का काम पूरा किया। इस दौरान ब्रिज पर वाहनों के आवागमन में कुछ दिक्कतें आई लेकिन पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बनाने का काम भी संभाले रखा।

**जेल भेजना के हो चुके आदेश जारी-** कलेक्टर द्वारा चाइना डोर पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पुलिस मैदान में आ चुकी है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा जिले में सर्चिंग अभियान के आदेश देने के साथ चाइना डोर बेचने वाले और घातक डोर से पतंग बाजी करने वालों की धड़पकड़ कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई और जेल भेजने के आदेश दे चुके हैं। एक बार गंभीर घटना ना हो इसके प्रयास पूरी तरह से किया जा रहे हैं। उज्जैन में चाइना डोर पर लगे प्रतिबंध के साथ ही इंदौर और देवास प्रशासन द्वारा भी चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ताकि मालवा क्षेत्र में मकर संक्रांति पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो सके। इंदौर में कुछ दिन पहले एक युवक की चाइना डोर से गला काटने पर मौत हो चुकी है।

### घासमंडी ब्रिज पर काटा था गला

2 दिन पहले घासमंडी ब्रिज पर बाइक पर सवार विपुल महिवाल का चाइना डोर गले में उलझना से कट लग गया था। इस घटना से पहले हरिफाटक ब्रिज पर स्कूटी सवाल महिला भी घायल हो गई थी। मकर संक्रांति से एक माह पहले हुई २ घटनाओ के बाद घायल हुए विपुल महिवाल ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर आवेदन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया था। पुलिस ने चाइना डोर से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया है।

## हाईटेंशन लाइन में उलझा मांझा पकड़ते ही झुलसा बालक



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

छत के ऊपर खेल रहे बालक ने हाई टेंशन लाइन में उलझा मांझा जैसे ही पकड़ा, करंट की चपेट में आ गया। बालक को परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने हालत खतरे से बाहर बताई लेकिन उपचार के लिए भर्ती किया है।

मामला आगर रोड स्थित विराट नगर में मंगलवार सुबह होना सामने आया। 8 साल का अमन पिता गोविंद बागड़िया कक्षा दूसरी का छात्र है। सुबह 10 के लगभग का मां रेखा के साथ घर की छत पर धूप में खेल रहा था। उसी दौरान छत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में मांझा उलझा देख बालक ने पकड़कर खींचने की कोशिश की। उसी दौरान लाइन में फाल्ट हुआ और बालक करंट लगने से झुलझ गया। मां ने घटनाक्रम के शोर मचाया तभी आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंचे और तत्काल बालक अमन को चरक अस्पताल लाया गया। उसका एक हाथ झुलस गया था। डॉक्टर ने उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया है।

### संजयनगर में विवाद का सामने आया सीसीटीवी फुटेज

# आटे की डिलेवरी को लेकर तलवार-डंडे से हमला, 2 घायल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आटे की डिलेवरी को लेकर हुए विवाद में आटा चक्की चलाने वालों ने तलवार डंडे से केटरिंग व्यवसायी पर हमला कर दिया। घटनाक्रम में केटरिंग केटर्स कर्मचारी भी घायल हुआ है। पुलिस ने जान से मारने की नियत से हमला करने का मामला दर्ज कर एक को हिरासत में ले लिया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के संजयगर में खुशी केटर्स का संचालन संजीव पिता रघुनंदन शर्मा निवासी तिरूपति एवेन्यू द्वारा किया जाता है। उन्होने आटा चक्की चलाने वाले हर्षित भारती को आटे का आर्डर दिया था। सोमवार रात हर्षित आटे की डिलेवरी देने संजयगर पहुंचा। जहां उसने लोडिंग से आटा नहीं उतारा और संजीव शर्मा के पुत्र भरत शर्मा से आकर ले जाने की बात कहीं। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। हर्षित आटे की डिलेवरी दिये बिना लौट गया। भरत ने अपने पिता को डिलेवरी नहीं होने की जानकारी दी। पिता संजीव शर्मा खुशी केटर्स पहुंचे, उसी दौरान हर्षित पिता महेन्द्र भारती, रिश्तेदार भगवान भारती और कुणाल भारती के साथ पहुंचा और डंडे-तलवार से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में संजीव शर्मा सिर में गंभी चोंट लगने पर घायल हो गये। बीच-बचाव करने पुत्र भरत और केटर्स का कर्मचारी धनसिंह पिता तोलाराम गुर्जर निवासी ग्राम आगरी पिपलरावा देवास आया तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की ओर भाग निकले। संजीव शर्मा और धनसिंह को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां संजीव शर्मा के सिर में गहरी चोंट होने पर डॉक्टरों ने 15 टांके लगाकर उपचार किया और भर्ती कर लिया। मामले की जानकारी मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस घायलों के बयान दर्ज करने पहुंची। भरत शर्मा की शिकायत पर हमला करने वालों के खिलाफ जान से मारने की नियत का प्रकरण धारा 109, 115 (2), 296, 351 (3), 3 (5) में दर्ज किया। मंगलवार शाम हमले में शामिल महेन्द्र भारती को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ कर अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ विवाद-** सोमवार रात हुए विवाद का मंगलवार सुबह सीसीटीवी फुटेज सामने आया। खुशी केटर्स पर लगे कैमरे में दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती दिखाई दे रही है, आसपास के कुछ लोग बीच-बचाव करते दिखाई भी दिये है। विवाद के में एक महिला भी दिखाई दे रही है।

# सांवराखेड़ी-पालखंदा में अवैध शराब के साथ मिले युवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शहर में प्रतिबंधित हो चुकी शराब के बाद अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जिस पर अंकुश रखने के लिये पुलिस लगातार धरपकड़ कर रही है। सोमवार-मंगलवार रात नीलगंगा और नरवर थाना पुलिस ने 3 युवको को पकड़ा। जिनके पास से हजारों की शराब जप्त की गई है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि वाकणकर ब्रिज के आगे सांवराखेड़ी में खेत के पास एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। खबर मिलने पर तत्काल एएसआई अर्जुन सोनी, आरक्षक दामोदर और जितेन्द्र के साथ मौके पर पहुंच दबिश दी गई। शराब बेचने का काम कर रहे युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम बलराम उर्फ राम पिता भगवान नाथ 24 साल निवासी जैन मंदिर के पास जयसिंहपुरा बताया। उसकी निशानदेही पर खेत में छुपाकर रखी 6 पेटी शराब की बरामद की गई। जिसमें 300 क्वार्टर भरे हुए थे। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक सवार झोले में छुपाकर ला रहे थे शराब

अवैध शराब लेकर शहर की ओर आ रहे बाइक सवार 2 युवको की सूचना मिलने पर सोमवार-मंगलवार रात नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने एएसआई भगवत नारायण त्रिपाठी और टीम के साथ ग्राम पालखंदा रोड़ पर घेराबंदी की। बाइक क्रमांक एमपी 09 यू 7269 पर 2 युवक आते दिखाई दिये। जिनके पास 2 झोले थे। दोनों घेराबंदी कर पकड़ा। उनके पास से झोले में छुपाकर रखे देशी शराब के 310 क्वार्टर बरामद हो गये। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि शराब के साथ पकड़ाये युवक सुरज पिता सुंदर निवासी भौंरासा हाल मुकाम केसरबाग कालोनी और यशराज निवासी उज्जैन है। गौरतलब हो कि 2 दिन पहले भी नीलगंगा और नरवर पुलिस ने हजारों की शराब बरामद की थी। उस दौरान भी 3 आरोपियों को पकड़ा गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com